



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 138 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 18 फरवरी 2025 डाक 19 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
नई दिल्ली में शुरू की गई सफाई प्रक्रिया के तहत यमुना नदी से कचरा हटाने के लिए एक कचरा स्कीमर काम करता है




**देश-विदेश**
महाशिवरात्रि से पहले काशी में श्रद्धालुओं का तांता, दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु



**फीचर पेज**
छावा ने दूसरे दिन भी की ताबड़तोड़ कमाई 2 ही दिन में सिनेमाघरों में मचाई धूम



## जगन्नाथ मंदिर में देवताओं के दर्शन कल पांच घंटे तक बंद रहेंगे

**ओडिशा।** पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में देवताओं के दर्शन कल (19 फरवरी) करीब पांच घंटे के लिए बंद रहेंगे, मंदिर प्रशासन ने जानकारी दी। देवताओं के बनकालगी अनुष्ठान के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। मंदिर प्रशासन ने कहा कि भक्तों को शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक देवताओं के दर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# केरल में फर्जी सीएसआर फंड घोटाले में बड़ी कार्रवाई ईडी ने राज्य भर में छापे मारे, 12 स्थानों पर जांच की

**केरल, 18 फरवरी [एजेंसी]।**

ईडी ने हाफ प्राइस घोटाला मामले में कांग्रेस नेता लाली विंसेंट और आनंद कुमार के घरों पर छापेमारी की। तिरुवनंतपुरम के सस्थमंगलम स्थित आनंद कुमार के कार्यालय में भी निरीक्षण चल रहा है। ईडी यह पता लगाने के लिए 12 स्थानों पर निरीक्षण कर रही है कि क्या इस धोखाधड़ी में काले धन का लेनदेन शामिल था। वकील लाली विंसेंट एनजीओ कन्फेडरेशन के पदाधिकारी भी हैं। ईडी और क्राइम ब्रांच इस मामले में गिरफ्तार किए गए अनंथु कृष्णन के इडुक्की स्थित घर और दफ्तर की तलाशी लेगी। कर्मचारियों को पहले भी बुलाया गया था और उनसे पूछताछ की गई थी। राज्य के विभिन्न स्थानों पर 23 खातों के माध्यम से लगभग 450 करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया। हजारों



लोग धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। इस बीच, ईडी को संदेह है कि धन शोधन हुआ है। ईडी और अपराध शाखा इस मामले में गिरफ्तार अनंथु कृष्णन के इडुक्की स्थित घर और कार्यालय की तलाशी लेने वाली है। कर्मचारियों को पहले भी बुलाया गया था और उनसे पूछताछ की गई थी। राज्य के विभिन्न स्थानों पर 23 खातों के माध्यम से लगभग 450 करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया। हजारों लोग धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। इस बीच, ईडी को संदेह है कि धन शोधन हुआ है। पुलिस का कहना है कि आनंद कुमार धोखाधड़ी मामले में मुख्य साजिशकर्ता है।

हालाँकि, आनंद कुमार का दावा है कि अनंथु कृष्णन उनके पद और नाम का इस्तेमाल कर रहे थे। ईडी की यह छापेमारी ऐसे समय में की जा रही है, जब अदालत आज आनंद कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने वाली है। लाली विंसेंट ने पुलिस को बताया कि वह अनंथु कृष्णन का कानूनी सलाहकार था और इसके लिए उसे फीस के रूप में पैसे मिलते थे। पुलिस को पता चला कि लाली विंसेंट को 46 लाख रुपये सौंपे गए थे। लाली कहती हैं कि यह फीस उन्हें कई बार मिल चुकी है। लेकिन ईडी को संदेह है कि यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है।

## शादी के माहौल में छाया मातम, भात लेकर आए 5 रिश्तेदारों की सड़क हादसे में मौत

**भिंड, 18 फरवरी [एजेंसी]।**

मध्यप्रदेश के भिंड में एक बड़ी सड़क दुर्घटना घटी है, जिसमें पति-पत्नी सहित पांच लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में आठ से अधिक



लोग घायल भी हुए हैं। मंगलवार सुबह पांच बजे के करीब यह हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि, ग्वालियर-इटावा नेशनल हाईवे 719 पर देहात थाना अंतर्गत जवाहरपुरा गांव में तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़े लोडिंग वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद लोडिंग वाहन करीब 50 मीटर दूर तक घसिटता हुआ चला गया। इस एक्सिडेंट के बाद गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा किया और हाइवे पर जाम लगा दिया। विधायक और एसपी ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया जिसके बाद जाम को हटाया जा सका।

# भगदड़ जैसी बनी स्थिति तो प्रयागराज जंक्शन पर यात्रियों के प्रवेश पर लगाई रोक, बंद करने पड़े सभी गेट

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन के सिटी साइड में संगम स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की भीड़ रात 10 बजे के बाद अचानक बढ़ गई। रात भगदड़ जैसी स्थिति बनी तो रेलवे प्रशासन ने कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए श्रद्धालुओं का जंक्शन पर प्रवेश बंद कर दिया। इस वजह से सड़क पर खड़े लोग शोरशराबा करने लगे। जंक्शन के यात्री आश्रय स्थल पर मौजूद श्रद्धालु स्पेशल ट्रेन में बैठाए जाने लगे। इस दौरान तकरीबन 30 मिनट तक यात्रियों को जंक्शन पर प्रवेश नहीं दिया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते प्रयागराज जंक्शन पर काफी देर अफरातफरी का माहौल बना रहा।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और रेलवे प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए श्रद्धालुओं को खुसरो बाग की ओर डायवर्ट कर दिया। खुसरोबाग में भी मैसेज किया गया कि अभी कुछ देर वहां से किसी भी यात्री को बाहर न निकलने दिया जाए। इस दौरान जंक्शन के बाहर एवं खुसरोबाग पर लगातार एनाउंसमेंट किया जाता रहा कि यात्री धैर्य से काम लें। कुछ ही देर में उन्हें उनके गंतव्य तक जाने वाली ट्रेन पर पहुंचा दिया जाएगा। वहीं भीड़ बढ़ने पर प्लेटफार्म एक से लेकर पांच तक बारी-बारी से आधा दर्जन ट्रेनें पंडित दीन दयाल उपाध्याय, कानपुर, मानिकपुर रूट की ओर रवाना की गईं। इससे काफी भीड़ निकल गई।

इसके बाद महज आधे घंटे के भीतर प्रयागराज जंक्शन के यात्री आश्रय स्थल खाली हो गए। आश्रय स्थल खाली होने के बाद खुसरो बाग से श्रद्धालुओं को स्टेशन की ओर जाने की अनुमति दी गई। आरपीएफ और रेलवे स्टाफ ने यात्रियों को कतारबद्ध कर स्टेशन तक पहुंचाया, जिससे रात में आवागमन फिर से सुचारू हो गया।

# मायावती का गला घोंटने का समय... कांग्रेस नेता के बयान पर आग बबूला हुए आकाश आनंद

## पुलिस को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम



**नईदिल्ली, 18 फरवरी [एजेंसी]।**

कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद डॉ उदित राज ने एक ऐसा बयान दिया है, जिस पर विवाद खड़ा हो गया है। बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने डॉ उदित राज पर पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। डॉ उदित राज पर निशाना साधते हुए बीएसपी प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने उत्तर प्रदेश पुलिस से उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। इतना ही नहीं, उन्होंने पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम भी दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, आज लखनऊ में मान्यवर कांशीराम साहेब के कुछ पुराने सहयोगी और कभी बीजेपी कभी कांग्रेसी चमचे उदित राज ने साहेब के मिशन पर लंबा चौड़ा ज्ञान दिया है। जबकि उदित राज अपने स्वार्थ के लिए दूसरे दलों में मौका तलाशने के लिए कुख्यात है। उसे बहुजन मूवमेंट की चिंता सिर्फ इसलिए है ताकि वो किसी दल की चमचागिरी कर के सांसद या विधायक बन सके। इसका बहुजन समाज के उत्थान से कोई लेना देना नहीं है। आकाश आनंद ने आगे लिखा, मैं बहुजन मिशन का युवा सिपाही हूं, लेकिन बाबा साहेब और मान्यवर साहेब के मिशन को इससे ज्यादा समझता हूं। उन्होंने डॉ उदित राज पर आरोप लगाते हुए कहा, आज इसकी भाषा में जिस तरह की धमकी है वो हम बहुजन मिशन के करोड़ों सिपाहियों को कतई बर्दाश्त नहीं है।

आज लखनऊ में मान्यवर कांशीराम साहेब के कुछ पुराने सहयोगी और कभी भाजपा कभी कांग्रेसी चमचे उदितराज ने साहेब के मिशन पर लंबा चौड़ा ज्ञान दिया है। जबकि उदितराज अपने स्वार्थ के लिए दूसरे दलों में मौका तलाशने के लिए कुख्यात है। कुछ दिनों पहले लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा, अपने सगे संबंधियों को कैसे मारोगे। तो श्री कृष्ण ने कहा कि कोई सगा संबंधी नहीं है, न्याय के लिए लड़ो और अपने लोगों को ही मार दो।

## दर्दनाक सड़क हादसा, ट्रक से टक्कर के बाद नाले में गिरी बस, 5 यात्रियों की मौत



**फरीदकोट, 18 फरवरी [एजेंसी]।**

कोटकपूरा-फरीदकोट पर सुबह लगभग आठ बजे एक तेज रफ्तार निजी बस कंपनी की बस व ट्रक में हुई टक्कर के चलते जहां पांच व्यक्तियों की मौत हो गई वहीं लगभग 30 व्यक्ति घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टक्कर के पश्चात बस सेम नाले की रेलिंग को तोड़ती हुई सेम नाले में जा गिरी जबकि ट्रक खेतों में जा पलटा। प्रशासन और समाजसेवी संगठन मौके पर पहुंच गए हैं और यात्रियों को बाहर निकालकर उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती करा रहे हैं। जानकारी के अनुसार अबोहर से श्री अमृतसर साहिब जाने के लिए एक निजी बस रवाना हुई थी। जब वह कोटकपूरा से फरीदकोट की ओर रवाना हुई तो रास्ते में सेम नाले के पास उसकी सामने से आ रहे ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। हालांकि सुबह थोड़ी बहुत धुंध भी थी परंतु टक्कर का कारण तेज रफ्तार माना जा रहा है।

जिसके पश्चात बस सेम नाले में जा गिरी और पता चलते ही लोग एकत्रित होने शुरु हो गए। लोगों ने तुरंत वहां पहुंच कर घायल व्यक्तियों को निकालना शुरू कर दिया। दूसरी ओर सूचना मिलते ही जिले का पूरा प्रशासन मौके पर पहुंच गया और बचाव कार्य शुरू कर दिए गए। इस हादसे में अब तक पांच व्यक्तियों की मृत्यू की सूचना है। जिनमें एक महिला भी शामिल है। उधर सूचना मिलते ही डीसी विनीत कुमार, एडीसी ओजस्वी अलंकार, एसडीएम वरुण कुमार व एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल व्यक्तियों को निकलवा कर तुरंत उपचार के लिए स्थानीय गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

जहां मरीजों का हाल जानने पहुंचे डीसी विनीत कुमार ने बताया कि बस में लगभग 35 व्यक्ति सवार थे। जिनमें से पांच की मृत्यु हुई है और शेष का उपचार जारी है।

## राष्ट्रपति भवन में कतर के अमीर का भव्य स्वागत, पीएम मोदी के साथ होगी अहम बैठक



**नई दिल्ली।।** कतर के अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी का मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कतर के अमीर को राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कतर के अमीर का राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने स्वागत किया। इसके बाद अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी को सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों से मिलवाया गया। अपने भारत दौरे के दूसरे दिन कतर के अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर बैठक करेंगे। साथ ही वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ भी बैठक करेंगे। राष्ट्रपति भवन में कतर के अमीर के सम्मान में भोज का भी आयोजन किया जाएगा।

## इनके दिमाग में गंदगी भरी है, रणवीर इलाहबादिया पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर रणवीर इलाहबादिया द्वारा समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में पेरेंट्स को



लेकर भद्दा मजाक करने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट मे सुनवाई चल रही है। रणवीर इलाहबादिया ने शो पर जो बयान दिया, उसपर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। वहीं, कोर्ट ने रणवीर द्वारा किए गए कमेंट्स पर फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा कि इनके दिमाग में गंदगी भरी है। ऐसे व्यक्ति का केस हम क्या सुनें।

# प्लेन हादसे का भयानक वीडियो आया सामने, यात्री ने सुनाई आपबीती, विमान में उल्टा लटकी महिला

**टोरंटो, 18 फरवरी [एजेंसी]।**

टोरंटो के पियर्सन हवाई अड्डे पर डेल्टा एयरलाइंस का एक विमान हादसे का शिकार हो गया। इस घटना में 18 लोगों के घायल होने की खबर है। हादसा काफी भयानक था क्योंकि विमान जब जमीन पर उतर रहा था तो वो फिसलकर पलट गया। एयरपोर्ट प्रशासन ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि मिनियापोलिस से आ रही डेल्टा फ्लाइट घटना का शिकार हो गई,



जिसमें 76 यात्री और चार चालक दल के सदस्य सवार थे।

दुर्घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2 बजकर 15 मिनट पर हुई थी। इस हादसे के बाद विमान में मौजूद लोगों ने कुछ वीडियोज बनाए हैं जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान बर्फीली सतह पर उल्टा गिरा पड़ा है और आपातकालीन कर्मचारी विमान को धो रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि, विमान रनवे पर पलटकर उल्टा हो गया था लेकिन इस हादसे में किसी की मौत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि ये बताया अभी जल्दबाजी होगी कि विमान के पलटने का कारण क्या था, लेकिन मौसम की इसमें भूमिका हो सकती है। कनाडा के मौसम सेवा के अनुसार, एयरपोर्ट पर बर्फबारी हो रही थी और हवाएं 52 किलोमीटर प्रतिघंटे से लेकर 65 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही थीं। तापमान लगभग माइनस 8.6 डिग्री सेल्सियस था।

# कश्मीर को दहलाने की साजिश नाकाम

## शोपियां में प्रेशर कुकर आईईडी बरामद, सुरक्षाबल सतर्क



**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के जेनपोरा शोपियां में सुरक्षाबल ने एक प्रेशर कुकर आईईडी बरामद की है। वहीं, जिला पुलवामा के पिंगलिश नागवाड़ी तराल में भी एक आईईडी मिली है। जिसके बाद सुरक्षाबल ने सड़क को आम यातायात के लिए बंद कर दिया है और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया है। पाकिस्तान इस समय चौतरफा दबाव में है। पहला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फ्रांस और अमेरिकी दौरे के बाद आतंकवाद के खात्मे के लिए वैश्विक दबाव, दूसरा नए जम्मू-कश्मीर में शांति और विकास के दौर से पाकिस्तान पर अंदरूनी दबाव, तीसरा नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना की ओर से जीरो लाइन के पास की जा रही तारबंदी से घुसपैठ के रास्ते बंद होने से आतंकी संगठनों का दबाव और चौथा एलओसी पर बदली रणनीति और केंद्र सरकार की आतंकवाद से निपटने की स्पष्ट नीति से जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के वित्तीय नेटवर्क और नार्को टेरेरिज्म पर कड़ा प्रहार किया जा रहा है।

वहीं, सरकारी तंत्र में छिपे बैठे आतंकी व अलगाववादी समर्थक सरकारी अधिकारी बर्खास्त किए जा रहे हैं। अब स्थानीय युवा आतंकी संगठनों के बहकावे में नहीं आते हैं। पाकिस्तान के दुष्प्रचार की हवा निकलने से वह अलग-थलग पड़ गया है।





**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।


मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## जिले में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ पहले चरण का मतदान

# कोरबा व करतला जनपद के युवा, बुजुर्ग, दिव्यांग महिला सहित सभी वर्ग के मतदाताओं ने उत्साह से किया मतदान





**कोरबा ।** कोरबा जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान आज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। प्रथम चरण में जिले के दो जनपद कोरबा एवं करतला में त्रिस्तरीय पंचायत पदाधिकारियों का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। प्रथम चरण अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद वोटों की गिनती की जा रही है। मतदान के दौरान कहीं भी किसी भी तरह की अप्रिय घटना अथवा मतदान में व्यवधान की सूचना नहीं मिली है।

स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 बजे तक कोरबा जनपद में 72.47 प्रतिशत तथा करतला जनपद में 77.04 प्रतिशत मतदान हुआ है। दोनों ब्लॉक में कुल 02 लाख 28 हजार 07 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। मतदान हेतु कोरबा ब्लॉक में 224 एवं करतला ब्लॉक में 263 सहित कुल 487 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। जनपद कोरबा में कुशलता पूर्वक मतदान कराने हेतु रिजर्व दल सहित 1198 एवं करतला जनपद में 1386 मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। युवाओं के साथ वयोवृद्ध मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर किया मतदान त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव में कोरबा व करतला जनपद में मतदान को लेकर मतदाताओं में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला। सभी मतदान केन्द्रों में मतदान करने को लेकर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारे दिखाई दी। लोग पंचायत पदाधिकारियों के चुनाव में मतदान करने के लिए कतारों में खड़े होकर अपने बारी का इंतजार करते रहे। पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह था। आम मतदाताओं के साथ ही वयोवृद्ध, बुजुर्ग, दिव्यांग युवा सहित अभी उम्र के मतदाता अपना वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचे। कोरबा जनपद की ग्राम पंचायत कोरकोमा निवासी बुजुर्ग राजाराम कंवर, महिला मतदाता श्रीमती सनेन्द्री यादव, युवा मतदाता बंशी लाल यादव, अनिल राम, पवन कुमार राठिया ने मतदान केंद्र पहुंचकर उत्साहपूर्वक मतदान किया। उन्होंने लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभटर हुए आमजनों से शत प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया। वृद्धा जेल कुंवर ने मतदान कर लोकतंत्र निर्माण में निभाई सहभागिता करतला जनपद के नोनबिर्रा पंचायत की वृद्धा जेल कुंवर अपने परिजनों के साथ मतदान करने पहुंची। उन्होंने अपने पसंदीदा प्रत्याशी को अपना वोट देकर अपने दायित्व का निर्वहन किया। उनका अपने अधिकारों के प्रति सजगता अन्य ग्रामीणों के लिए प्रेरणादायक है। वृद्धा जेलकुंवर ने सभी आमजनो से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने और मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## पंचायत चुनाव में लगी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी, बाधित हुई डायल 112 की सेवाएं, जनता परेशान

**कोरबा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 40 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दिए जाने से आपातकाल में सहायता करने से संबंधित डायल 112 की सेवाएं कोरबा जिले में बाधित हो गई है। जिले में संचालित 22 वाहन इस वजह से प्रभावित हुए है। दूसरी और सेवाओं के बाधित होने से लोगों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है।

कोरबा जिले में तीन चरण में पंचायत चुनाव संपन्न होना है जिसका एक चरण सोमवार को पूरा हो गया है। जबकि दूसरे चरण के लिए 20 और तीसरे चरण के लिए 23 फरवरी को मतदान होना है। पुलिस की डायल 112 से संबंधित सेवा के 22 वाहन कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित हो रहे हैं जिन्हें इसलिए बंद करना पड़ा है क्योंकि इनकी व्यवस्था देखने वाले पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई है। चुनाव के लिए अधिक पुलिसकर्मियों की जरूरत है और ऐसे में बाहर से समायोजन करना मुश्किल है इसलिए दूसरी सेवाओं को देखने वाले पुलिसकर्मियों को भी इसी काम में नियोजित किया गया है। बताया गया कि वर्तमान स्थिति में केवल एक डायल 112 को आपातकालीन सेवाओं के लिए रखा गया है। इस स्थिति में कमांड कंट्रोल रूम में पहुंचने वाली सूचनाओं के आधार पर बहुत बड़े क्षेत्र में लोगों को डायल 112 की सेवा देना मुश्किल हो रहा है। कोरबा में डायल 112 सर्विस के जिला प्रभारी रूबेन कुजूर ने बताया कि कंट्रोल रूम में शिकायत मिलने पर लोगों को यह सेवा दी जानी फिलहाल संभव नहीं हो पा रही है। ऐसे मामलों में लोगों को स्वयं के साधन से थाना चौकी अथवा अन्य संबंधित स्थान तक जाने के लिए परामर्श दिया जा रहा है। बताया गया कि कोरबा जिले में बाधित हुई यह सेवा के एक सप्ताह तक ऐसे ही होने की संभावना है। बताया गया है कि कोरबा जिले में 23 फरवरी को आती स्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान होने के बाद ही आपातकालीन सेवा देने वाली व्यवस्था और संबंधित संसाधन को पटरी पर लाया जा सकेगा।

## भारतीय कोयला मजदूर संघ अध्यक्ष बने संजय



**गेवरा-दीपका ।** अखिल भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ का त्रिवार्षिक अधिवेशन नागपुर में संपन्न हुआ। इसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सीसीएल कोल कंपनी के संजय कुमार चौधरी को भारतीय कोयला मजदूर संघ का अध्यक्ष चुना गया। एसईसीएल बिलासपुर के संगठन में महासचिव सुजीत कुमार सिंह होंगे।

## मुड़ापार और कैलाश नगर में स्वच्छता ड्राइव चलाया



**कोरबा।** स्वच्छता महाअभियान का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो गया है। निगम के रविशंकर नगर जोन के मुड़ापार वार्ड और बालको जोन के कैलाश नगर में स्वच्छता ड्राइव चलाया गया। सफाई कार्य के साथ सड़क रोशन व्यवस्था व पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का निराकरण किया।

अभियान के तहत सीएंडडी वेस्ट का उठाव और सार्वजनिक स्थल पर गदंगी करने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने पर संबंधितों पर जुर्माना लगाया। मुड़ापार के सार्वजनिक स्थल पर गोबर फैलाकर गंदगी की थी। इस पर अधिकारियों ने संबंधित व्यक्ति पर एक जार रुपए का जुर्माना लगाया। इसी तरह मुड़ापार वार्ड में ही दुकान में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालक पर एक हजार रुपए जुर्माना लगाया। इन्हें समझाइश दी गई कि वे सार्वजनिक स्थल पर गंदगी नहीं फैलाएं। प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग अपने दुकान, प्रतिष्ठानों में नहीं करें। बैठक में निगम उपायुक्त बीपी त्रिवेदी, पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, जोन कमिश्नर प्रकाश चंद्रा, एनके नाथ, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सचिन्द्र थवाईत, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, किरण साहू, सतानंद द्विवेदी समेत अन्य उपस्थित थे।

# चुनाव में जीत मिलने पर भाजपा ने निकाली आभार रैली



**कोरबा।** सोमवार को शहर के सीतामणी से भाजपा की विजय आभार रैली शुरू हुई, जो शहर के प्रमुख चौराहे से गुजरी। रैली में वाहन पर नवनिर्वाचित महापौर संजू देवी राजपूत के साथ उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी नजर आए। शहर की जनता, समर्पित कार्यकर्ताओं व समर्थन देने वाले सभी लोगों का आभार जताने शहर में भाजपा ने यह रैली निकाली।

उद्योग मंत्री देवांगन ने कहा कि यह जीत जनता के अपार विश्वास, डबल इंजन सरकार की विकासपरक नीतियों और एक साल में 400 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का प्रमाण है। यह चुनाव परिणाम केवल एक जीत नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और विश्वास की जीत है। कांग्रेस ने लोगों का विश्वास खो दिया है। उनकी नीतियां व कार्यप्रणाली लोगों के हितों के विपरीत रही हैं। इसी का परिणाम है कि लोगों ने कांग्रेस को नकार दिया। विजय आभार रैली में पूर्व महापौर जोगेश लांबा, कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, देवेंद्र पांडेय, वार्ड क्रमांक 18 के निर्विरोध निर्वाचित पार्षद नरेंद्र देवांगन, वार्ड क्रमांक 31 के पार्षद अशोक चावलानी, नरेंद्र पाटनवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, मनीष मिश्रा, डॉ. राजेश राठौर, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, वैभव शर्मा, अनिल यादव, विशाल सचदेवा, अभिषेक पालीवाल समेत भाजपा के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। महापौर हुई भावुक, टीपी नगर चौक तक निकाली रैली आभार रैली के दौरान नवनिर्वाचित महापौर संजू देवी भावुक हो गईं। सीतामणी से पुराना बस स्टैंड, पावर हाउस रोड होकर रैली टीपी नगर चौक पहुंची। रैली के पुराना बस स्टैंड पहुंचने पर वार्ड क्रमांक 6 और 7 समेत अन्य के पार्षद नूतन सिंह, धनश्री साहू व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# लीड समेत जिले के 6 कॉलेजों ने नहीं कराया संबद्धता का नवीनीकरण

## अकादमिक विभाग भी समय का नहीं रख पा रहा ध्यान

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर से संबद्ध जिले के 28 सरकारी व निजी कॉलेज हैं। नियमानुसार संबद्धता के लिए हर साल कॉलेज प्रबंधन द्वारा यूनिवर्सिटी को एक निश्चित राशि शुल्क के रूप में जमा करानी होती है। ऐसा नहीं करने वाले कॉलेजों की संबद्धता यूनिवर्सिटी प्रबंधन चाहे तो रद्द कर सकती है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी हो चुका है। सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। फिर भी संबद्धता शुल्क कुछ कॉलेजों की ओर से जमा ही नहीं कराए गए हैं। ऐसे कॉलेजों में जिले का लीड कॉलेज भी शामिल है, जहां सर्वाधिक साढ़े तीन हजार से अधिक नियमित छात्र-छात्राएं हर साल पढ़ाई करते हैं। कॉलेजों ने एडमिशन भी ले लिया, परीक्षाएं पूरी होने वाली हैं। इसके बाद भी यूनिवर्सिटी द्वारा शुल्क की वसूली नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में अगर यूनिवर्सिटी एक्शन लेती है तो बगैर संबद्धता वाले कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य खराब हो सकता है। यूनिवर्सिटी से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार संबद्ध 126 कॉलेजों में 30 कॉलेज बिना संबद्धता शुल्क देने वालों में शामिल हैं, जिनमें कोरबा के 6 कॉलेज हैं। कॉलेज परिसर में उपस्थित छात्र-छात्राएं। 20 फरवरी तक शुल्क जमा करने के निर्देश दिए अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर को अब संबद्धता शुक्ल वसूलने की याद आई है। कॉलेजों को पत्र जारी कर 20 फरवरी तक शुल्क जमा करने का आदेश दिया है। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने दी है। वहीं यूजीसी के नियमों के



अनुसार यूनिवर्सिटी को किसी भी कॉलेज की संबद्धता देने के लिए कमेटी बनानी होती है। यह कमेटी कॉलेजों का निरीक्षण कर वहां की कमियों को दूर कराती है। इसके बाद संबद्धता जारी होती है। लेकिन यूनिवर्सिटी केवल शुल्क लेकर संबद्धता जारी कर रही है। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में व्यवस्था कुछ ठीक नहीं चल रही है। अकादमिक विभाग द्वारा न तो समय पर सिलेबस जारी हो पा रहा है और न ही पात्रता की जानकारी दे पा रहा है। इतना ही नहीं, इस विभाग के पास संबद्ध कॉलेजों की जानकारी तक नहीं है। वित्त विभाग को यह तक मालूम नहीं है कि कॉलेजों को परीक्षा के नाम पर दिए गए एडवांस का समायोजन हुआ या नहीं। पेपर सेटर व मूल्यांकनकर्ताओं को समय पर भुगतान भी नहीं हो रहा। भंडार विभाग के पास उत्तर पुस्तिकाओं का सही आंकड़ा नहीं है। कॉलेजों में उत्तर पुस्तिकाएं धूल खा रही हैं। गोपनीय और परीक्षा विभाग बिना जांच किए कॉलेजों के फार्म जमा करवा रहा है। बिना मॉडरेशन के परीक्षा भी हो रही है। जानिए... इन कॉलेजों ने संबद्धता शुल्क जमा नहीं किया संबद्धता शुल्क नहीं जमा करने वालों में जिले के गवर्नमेंट पीजी (लीड) कॉलेज, गवर्नमेंट आदर्श कॉलेज (बंजारी) जो अभी पीजी कॉलेज में ही लग रहा है, बिसाहूदास महंत कॉलेज पाली, हसदेव कॉलेज आमापाली, एके गुरुकुल कॉलेज ढेलवाडीह, ओरिएंटल कॉलेज का नाम शामिल हैं।



## वैदिक मंत्रों से भोलेनाथ का अभिषेक किया

**कोरबा ।** श्री लक्ष्मीनारायण हृदय यज्ञ व भविष्य महापुराण कथा का आयोजन कनकेश्वरधाम कनकी में किया गया है। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक रुद्राभिषेक किया जा रहा है। पूजा विधि संपन्न कराने में आचार्य रुपक महाराज व गिरीश सहयोग कर रहे हैं। आचार्यों ने बताया कि पूजा से हम अपने भीतर एक असीम शांति व पूर्णता महसूस करते हैं। साथ ही हमारे भीतर और आसपास के दूषित व नकारात्मक विचारों-परिस्थितियों व दोषों को दूर करने में मदद मिलती है। इससे राशि दोषों से भी मुक्ति मिलती है। कहा गया कि जहां रूद्रम का उच्चारण होता है, वहां का वातावरण शुद्ध हो जाता है। जीवन में व्यक्ति विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करता है, जिसमें गृहस्थ, व्यवसायिक व सामाजिक दायित्व होते हैं।

## 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी गई



**कोरबा ।** दिव्य ज्योति विशेष स्कूल कोरबा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 12वीं कक्षा के छात्रों को विदाई दी गई। समारोह में स्कूल के सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। छात्रों ने अपनी कला व कौशल का प्रदर्शन गीत संगीत में किया। संस्था की प्रमुख रीता क्षेत्रपाल ने छात्रों को शिक्षा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ जीविकोपार्जन के लिए भी बालिकाओं को सिलाई-कढ़ाई में निपूर्ण होकर जीवन के हर आनंद का लाभ लेने का सुझाव दिया। कक्षा 12वीं के छात्रों ने सांकेतिक भाषा में अपने विचार स्कूल के प्रति व्यक्त किए और यहां से सीखी बातों को जीवन में अमल करने का आश्वासन दिया। अंत में 11वीं कक्षा के बच्चों ने आभार प्रदर्शन किया।

# खदान प्रभावित युवाओं को दी ट्रेनिंग

**कोरबा।** एसईसीएल की कोयला खदान से प्रभावित युवाओं के कौशल को निखारने ट्रेनिंग मिलेगी। इसमें 6 करोड़ 87 लाख रुपए खर्च होंगे। एसईसीएल के सीएसआर प्रोजेक्ट से राशि की मंजूरी मिल चुकी है। एसईसीएल ने वित्त वर्ष 2024-25 में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर परियोजना से 170 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है। इस राशि को स्वास्थ्य, शिक्षा व कौशल विकास में खर्च किए जाएंगे। सालभर पहले कोल इंडिया ने कौशल विकास निगम के साथ समझौता ज्ञापन में हस्ताक्षर किया था। इस एमओयू से कोयलांचल में कौशल प्रशिक्षण केन्द्र की कमी दूर होगी। कोयला बहुल क्षेत्र के युवाओं को आजीविका के वैकल्पिक स्त्रोत की ओर कदम बढ़ाने प्रशिक्षण देंगे। वोकेशनल ट्रेनिंग कोर्स पूरा करने पर कोयला कंपनियों में नौकरी पाने से वंचित भू-विस्थापितों को खदान के आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार दिया जाता है। कौशल प्रशिक्षण केन्द्र में युवाओं के स्किल को डेवलप किया जाएगा। एसईसीएल की जिले में संचालित तीन मेगा माइंस के विस्तार से प्रभावितों की संख्या बढ़ेगी।

छोटे खातेदार नौकरी से वंचित होने पर कौशल प्रशिक्षण केन्द्र में ट्रेनिंग से कौशल निखारने के बाद माइंस में नियोजित निजी कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराएंगे। सभी सहायक कोल कंपनियों में एक कौशल प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। एसईसीएल ने अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर (एटीडीसी) के साथ 3 करोड़ 12 लाख रुपए के समझौता ज्ञापन से कौशल विकास में निवेश किया है। यह व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 400 वंचित युवाओं को कपड़ा उद्योग से संबंधित कौशल प्रदान करेगी, जिससे स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। एसईसीएल के विभिन्न परिचालन क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए आवासीय और गैर-आवासीय विकल्प शामिल होंगे। एसईसीएल अपने परिचालन क्षेत्र में 1260 युवाओं को प्रशिक्षण देने एसईसीएल के सीएसआर से राशि खर्च करेगी। इसी तरह मेडिकल कॉलेज कोरबा के लिए टेस्ला एमआरआई मशीन में 28.08 करोड़ रुपए खर्च की जाएगी। कौशल विकास निगम के साथ साझेदारी में एक बहु-कौशल विकास संस्थान (एमएसडीआई) परियोजना के साथ मिलकर एसईसीएल अत्याधुनिक प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करेगी।

परिचालन क्षेत्र में 1260 युवाओं को देंगे प्रशिक्षण 28 करोड़ रुपए एमआरआई मशीन में होगी खर्च

एसईसीएल के सीएसआर बजट से अधिक का आवंटन वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जारी राशि 99.76 करोड़ रुपए के वैधानिक सीएसआर बजट से अधिक है। एसईसीएल ने 170 करोड़ रुपए राशि सीएसआर परियोजना से मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं को संबंधित समझौते के अनुसार अगले दो-तीन वर्षों में लागू कर दिया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ 48.19 करोड़ रुपए समझौता ज्ञापन शामिल है। इसके तहत 500 बेड वाले गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण करना है।

## वोट हासिल करने कई तरह के हथकंडे अपना रहे प्रत्याशी

**कोरबा।** नगरीय निकाय चुनाव के समापन के बाद छत्तीसगढ़ में त्रिस्तीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। पहले चरण का मतदान संपन्न होने के बाद दूसरे चरण की तैयारियां शुरु कर दी गई है। सक्ती जिले में जिला पंचायत क्रमांक 6 से संतोषी शांति कुमार रात्रे चुनावी मैदान में है। आम जनता के बीच जाकर उनके द्वारा समर्थन मांगा जा रहा है। जनसंपर्क कर उनके द्वारा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने की बात कही जा रही है। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया,कि गांव में शिक्षा की अलख जगाने के लिए उनके द्वारा एक एकड़ जमीन दान कर दी गई है,जिसमें कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक का स्कूल बन सके।

# अकलतरा और बम्हनीडीह ब्लॉक में 79.98 प्रतिशत मतदाताओं ने डाला वोट



**जांजगीर।** अकलतरा और बम्हनीडीह ब्लॉक में सोमवार को पंचायत चुनाव के लिए 79.98 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बार कुल 115 पंचायतों में सरपंच, पंच सहित जिला पंचायत और ब्लाक स्तरीय प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए 1 लाख 80 हजार 111 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग किया। प्रथम चरण में अकलतरा के और बम्हनीडीह ब्लाक में मतदान हुआ। अकलतरा में 56 ग्राम पंचायतों में 1 लाख 23 हजार 27 मतदाता और बम्हनीडीह में 59 ग्राम पंचायतों के 1 लाख 4 हजार 748 मतदाता सरपंच, पंच सहित जिला व ब्लाक स्तर के लिए जनप्रतिनिधियों के मतदान थे, इनमे से अकलतरा ब्लॉक में 86 हजार 651 और बम्हनीडीह ब्लॉक में 93 हजार 340 मतदाताओ ने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव आयोग द्वारा मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए सुरक्षा कड़ी की गई है। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बल तैनात किया गया था ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके। इसके अलावा, निर्वाचन आयोग ने सभी मतदान केंद्रों पर मतदान से पहले और बाद में पूरी सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी व्यवस्था की गईं थीं। कई स्थानों पर चुनावी प्रचार जोरशोर से हुआ था, जिसमें उम्मीदवारों ने अपनी-अपनी योजनाओं और वादों को लेकर जनता से समर्थन मांगा।

## पार्थिव शिवलिंग महाभिषेक कल शुरु होगा



जांजगीर। नगर के लिंक रोड स्थित तुलसी वाटिका श्री बालाजी हनुमान मंदिर में शिव महापुराण कथा व पार्थिव शिवलिंग महाभिषेक का आयोजन 19 से 28 फरवरी तक किया जाएगा। कथा आचार्य संदीप मिश्रा होंगे। कार्यक्रम के दौरान रंगोली होली, श्याम संग, नित्य लक्ष्मीनारायण पूजा का आयोजन किया जाएगा। श्री राम कथा महोत्सव हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 3 अप्रैल से 11 अप्रैल तक किया जाएगा। मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आचार्य द्वारा कथा दोपहर 3 बजे से शाम 6ः30 बजे तक सुनाई जाएगी।

## अवैध शराब बिक्री से नाराज लोगों ने मुख्यमार्ग पर आवागमन को बाधित किया, एसडीओपी ने दी समझाईश



**चांपा।** चांपा के घोबी पारा इलाके में अवैध शराब की बिक्री पर प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ आज लोगों ने चांपा थाना का घेराव कर दिया। नाराज स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि इलाके में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है, लेकिन पुलिस इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है।प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कई बार पुलिस प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस कारण क्षेत्र में नशाखोरी और असामाजिक गतिविधियों में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

# भाजपा के गोविंद बने नपं खरौद के अध्यक्ष



**रिंगनी -खरौद।** नगर पंचायत चुनाव में सबसे ज्यादा चर्चा भाजपा के उम्मीदवार गोविंद यादव की रहीं। उन्होंने एक दशक बाद नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर वापसी की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और पूर्व अध्यक्ष कांति केशरवानी को 867 मतों के अंतर से पराजित किया।

गोविंद यादव को कुल 2915 मत प्राप्त हुए, जबकि कांति केशरवानी को 2048 मतों पर संतोष करना पड़ा। यह जीत भाजपा के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी को परेशानी होती थी। इस चुनाव में अन्य प्रत्याशियों ने भी अपनी किस्मत आजमाई थी, लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली। नगर पंचायत के कुल 15 वार्डों में पार्षद पद के लिए भी चुनाव हुए। इसमें कांग्रेस के 7 उम्मीदवार विजयी हुए। जबकि भाजपा के 6 प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। इसके अलावा 2 निर्दलीय उम्मीदवार भी पार्षद पद पर निर्वाचित हुए। इस समीकरण से यह स्पष्ट हुआ कि नगर पंचायत में बहुमत किसी एक दल के पास नहीं रहेगा। इससे भविष्य में फैसलों पर सहमति बनाने में विभिन्न दलों के पार्षदों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। जानिए... किस वार्ड में कौन बना पार्षद नपा के अध्यक्ष गोविंद यादव भाजपा, वार्ड क्र.1 में नेहरू राही निर्दलीय, वार्ड 2 में हुलास राम साहू भाजपा, वार्ड 3 में कृष्ण साहू कांग्रेस, वार्ड 4 में परमानंद रोहिदास कांग्रेस, वार्ड 5 में रीका यादव कांग्रेस, वार्ड 6 में गेंदबाई आदित्य भाजपा, वार्ड 7 में अमरीका बाई कांग्रेस, वार्ड 8 में दीपशिखा यादव कांग्रेस, वार्ड 9 में मंगली बाई देवांगन भाजपा, वार्ड 10 में नीलम यादव निर्दलीय, वार्ड 11 में मनोरंजन यादव कांग्रेस, वार्ड 12 में महेश्वर यादव भाजपा, वार्ड 13 में प्रमिला यादव भाजपा, वार्ड 14 में रामसाय यादव भाजपा, वार्ड 15 में सत्यम सिदार कांग्रेस शामिल है।



## ग्राम हथनेवरा का सरपंच बना दुष्यंत सिंह

**चाम्पा।** ग्राम हथनेवरा में सोमवार को मतदान के बाद मतगडऩा भी हो गई। जिसमें दुष्यंत सिंह ने 220 से अधिक मतों से जीत दर्ज किया है। जीत के बाद गांव में विजयी रैली निकाल जीत का जश्न मनाया। गौरतलब है कि बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम हथनेवरा में प्रथम चरण का चुनाव सोमवार को हुआ। जिसमें जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच व पंच पद के लिए चुनाव हुआ। सुबह से ही मतदान केंद्रों में भारी भीड़ लगी रही। शाम को तीन बजे तक मतदान होते रहा। मतदाता कतार में लगकर वोटिंग करते रहे। शाम 5 बजे मतों की गिनती हुई। जिसमें सरपंच पद के दुष्यंत सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 220 से अधिक मतों से हराया। जीत के बाद गांव में हर्ष का माहौल था।

### मातृ-पितृ दिवस : पालकों ने खेल में हिस्सा लिया

**चांपा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल जांजगीर-चांपा के प्रांगण में शुक्रवार को मातृ-पितृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्या कल्पना सिंह थीं। कार्यक्रम की शुरुआत केजी-किड्स चांपा के नन्हें छात्र अद्विक डिंडोरे के स्वागत भाषण से हुई। विद्यालय के नन्हे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। रैंपवॉक, स्किट, नृत्य और संगीत प्रमुख आकर्षण के केंद्र रहे। डीपीएस किड्स चांपा की प्री-नर्सरी, नर्सरी, केजी वन और केजी टू मावलंकर को मास्टर डीपीएस के खिताब से नवाजा गया।

## नगरीय निकाय चुनाव में 1236 लोगों को पार्षद प्रत्याशी पर नहीं था भरोसा

**जांजगीर।** नगरीय निकायों चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। अब विजेता पार्षद व अध्यक्षों को शपथ दिलाई जाएगी। इस चुनाव में 1236 लोगों ने नोटा का बटन दबाया है। याने इन्हें अपने वार्ड के पार्षद प्रत्याशियों पर भरोसा नहीं था। नगरीय निकाय चुनाव में जिल के नगरीय निकाय में भाजपा, कांग्रेस, बसपा और निर्दलीय प्रत्याशी जीत का सामने आए हैं। अब इन अगले पांच साल वार्ड में पानी, बिजली व सफाई सहित अन्य विकास की जिम्मेदारी होगी। शहर में विकास की दृष्टि से प्रत्येक नगर को छोटे-छोटे मोहल्ले (वाड़ों) में बांटा जाता है। जनता द्वारा चुने गए ये वार्ड पार्षद अगले पांच सालों तक आपके वार्ड के मुखिया (प्रतिनिधि) होंगे। ये वार्ड के प्रथम नागरिक होंगे और वार्ड में विकास संबंधित सभी कार्यों की जवाबदारी इन्हीं पर होगी। अब अगले 5 साल तक पानी, बिजली, सड़क-सफाई समेत आपकी मूलभूत सुविधाओं के लिए ये पार्षद उत्तरदायी होंगे। वार्ड की छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण की जिम्मेदारी भी इन पार्षदों पर होगी। यदि ये पार्षद जनता की नहीं सुनेंगे तो सीधे अध्यक्ष से शिकायत कर सकेंगे।सबसे ज्यादा जांजगीर-नैला नगर पालिका के लोगों ने नोटा को दिया वोट, पामगढ़ में सिर्फ 31 लोगों ने नोटा में डाले मत पार्षद प्रत्याशियों की जगह पर नोटा को वोट देने के मामले में जांजगीर-नैला के लोग आगे रहे। यहां 298 लोगों ने नोटा को वोट दिया है। वहीं चांपा में 240, अकलतरा में 205, नगर पंचायत खरौद में 70, शिवरीनारायण में 63, बलौदा में 90, राहौद में 54, नवागढ़ में 47, सारागांव में 63, नरियरा में 75, पामगढ़ में 31 लोगों ने नोटा का पसंद किया है।

## ग्रामीण के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**जांजगीर।** रंजिश को लेकर दो लोगों ने ग्रामीण के साथ गाली-गलौज कर जमकर मारपीट की। इधर वारदात के बाद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है। मालखरौदा पुलिस के अनुसार मालखरौदा थाना अंतर्गत छोटेसीपत निवासी कमल किशोर सोनवानी का गांव के कन्हैया सोनवानी और ऋषि लाल सोनवानी से पुरानी रंजिश है। रविवार कमल किशोर को घर लौट रहा था। लौटते समय वह कन्हैया के घर के सामने से होकर गुजरा। घर के सामने से गुजरता देख दोनों उसके साथ गाली देने लगे। कमल ने उन्हें गाली-गलौज करने से मना किया तो दोनों ने मिलकर जमकर मारपीट की। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। घटना के बाद कमल थाना पहुंचा और इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई।

## बसपा की गौरी ने जीत का परचम लहराया, छह पार्षद भी जीते



**पामगढ।** पामगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में पामगढ़ से नगर पंचायत अध्यक्ष के पद पर बसपा ने कब्जा कर लिया है। वहीं बसपा ने 6 पार्षद कांग्रेस के तीन पार्षद भाजपा के तीन पार्षद और तीन निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं। पामगढ़ में बसपा प्रत्याशी गौरी जांगड़े लगभग एकतरफा जीत हासिल कर लगभग आधे से अधिक वोट पाकर नगर पंचायत अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुईं। बसपा प्रत्याशी गौरी छोटू जांगड़े ने 2595 वोट पाकर जीत हासिल की। वहीं भाजपा की प्रियंका अमर टंडन 1093 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहीं। निर्दलीय प्रत्याशी शुक्र कुमारी फागुराम खरे 640 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहीं और कांग्रेस प्रत्याशी शकुंतला मनोज खरे 329 वोट पाकर अंतिम स्थान पर रहीं।

पार्षदों में बसपा से 6 पार्षद जीतकर आए, जिनमें वार्ड क्रमांक 5 से सिद्धार्थ कमल, वार्ड क्रमांक 6 से कविता डहरिया, वार्ड क्रमांक 7 से सुनील दिनकर, वार्ड क्रमांक 8 से रामखिलावन जांगड़े, वार्ड क्रमांक 12 से बसंती शिव सुमन और वार्ड क्रमांक 13 से लक्ष्मी श्री राज चुनाव जीते। भाजपा से वार्ड क्रमांक 10 से संजय खांडे वार्ड क्रमांक 9 से जितेश कुर्रे और वार्ड क्रमांक 3 से सुभाष ओगरे ने जीत हासिल की। कांग्रेस से वार्ड क्रमांक 1 से सुमन कुर्रे, वार्ड क्रमांक 4 से अशोक कुमार खुटे और वार्ड क्रमांक 14 से आकाश यादव ने जीत हासिल की। निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी तीन वार्ड में कब्जा जमाया, जिसमें वार्ड क्रमांक 2 से आतिश यादव, वार्ड क्रमांक 11 से राकेश खूंटे और वार्ड क्रमांक 15 से संगीता थवाईत ने जीत हासिल की। नव निर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षद।

# कलेक्टर-एसपी ने मतदान का लिया जायजा

**बिलासपुर ।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में आज मस्तूरी जनपद में मतदान हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण और पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने मस्तूरी के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने लावर, परसदावेद, मस्तूरी सहित आधा दर्जन मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान और केंद्रों की व्यवस्था को देखा। उन्होंने डीएवी स्कूल परसदा में बनाए गए स्ट्रांग रूम पहुंचकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, एसडीएम प्रवेश पैकरा, संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे भी मौजूद थे। कलेक्टर-एसपी ने निरीक्षण के दौरान मतदान शांतिपूर्वक और निष्पक्ष कराने के निर्देश दिए। मतदान दलों से चर्चा कर मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। मतदाताओं को शांतिपूर्वक कतारबद्ध होकर मतदान करने कहा। मतदान के बाद केंद्र पर ही मतगणना की कार्यवाही की जा रही है।

मतदाताओं में अपना प्रतिनिधि चुनने देखा गया उत्साह अपना प्रतिनिधि चुनने मतदाताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। नये मतदाता, बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला सहित सभी वर्ग ने लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में अपनी सहभागिता निभाई।

ग्राम पंचायत पंधी की 90 वर्षीय दया बाई श्रीवास ने उम्र के इस पड़ाव में भी अपनी महती जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने बताया कि वे हमेशा मतदान करती है। उन्होंने सभी से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की।

इसी प्रकार ग्राम धनिया के 91 वर्षीय कुंज बिहारी साहू ने भी मतदान किया। महिला मतदातओं ने भी बढ़-चढ़कर मतदान किया। ग्राम पंचायत परसदावेद की 70 वर्षीय महिला सत्यभामा, मोना पटेल और दुखनी बाई ने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सबकी भागीदारी जरूरी है।



प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्र में अच्छा इंजताम किया गया है। मस्तूरी जनपद पंचायत में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान केन्द्र पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गई। प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सहूलियत के लिए छाया, पानी सहित अन्य सुविधाएं की गई थी।


## भागवत की कथा सुनने से मिलेगा मोक्षः शैलेंद्र

**जांजगीर।** कलयुग में भागवत की कथा सुनने से जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही जन्म-जन्मांतर के पापों का अंत भी होता है। यह बातें ग्राम महंत में पंच कुंडीय विष्णु महायज्ञ और संगीत में श्रीमद् भागवत कथा में श्री धाम वृंदावन से पहुंचे कथावाचक शैलेंद्र महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते हुए कही। कथा वाचक शैलेंद्र महाराज ने प्रभु राम व कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ने लगा, तब से गौ माता भगवान ब्रह्मा के पास पहुंची और उसका निवारण करने की बात कहने लगी। तब भगवान ब्रह्मा ने गौ माता से कहा कि सृष्टि के सभी लोगों को प्रभु का ध्यान करना चाहिए, तब जाकर इस समस्या का समाधान होगा। उन्होंने गजेंद्र मोक्ष राम जन्म व कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि तालाब में स्नान करने गए गजेंद्र का पैर घड़ियाल ने पकड़ लिया था

# हाईकोर्ट ने पदोन्नति नियमों में संशोधन को चुनौती देने वाली याचिका की खारिज

**बिलासपुर ।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के 15 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों द्वारा पदोन्नति नियमों में किए गए संशोधन को चुनौती देने वाली याचिका को हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की बेंच ने स्पष्ट किया कि न्यायालय नियुक्ति प्राधिकारी भूमिका नहीं निभा सकता और न ही संशोधित नियमों को रद्द करने का आधार प्रस्तुत किया गया है।

याचिकाकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा किए गए 2017 के पदोन्नति नियमों में संशोधन को चुनौती दी थी। उन्होंने 24 फरवरी 2022 को जारी नोटिस, जिसमें सहायक ग्रेड-द्धद्धद्ध के 69 रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षा का आयोजन किया गया था, को असंवैधानिक बताया था। उनका तर्क था कि पुराने नियमों के तहत वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति दी जानी चाहिए थी, जबकि नए नियम अधिक कठिनाईपूर्ण हैं।



डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि न्यायालय नियुक्ति प्राधिकारी की कुर्सी पर बैठकर यह तय नहीं कर सकता कि नियोक्ता के लिए क्या उचित है। साथ ही, यदि कोई नियम या संशोधन आम आदमी की भलाई के लिए बनाया गया है, तो मात्र कठिनाई होने से उसे रद्द नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट में पदस्थ 30 कर्मचारियों ने इस संशोधित प्रक्रिया में भाग लिया, जिनमें से 15 कर्मचारी परीक्षा में उत्तीर्ण हो गए और उन्होंने अपनी याचिका वापस ले ली। कोर्ट ने कहा कि जब याचिकाकर्ताओं ने जानबूझकर चयन प्रक्रिया में भाग लिया, तो वे इसके परिणामों पर प्रश्न नहीं उठा सकते। नए नियमों के तहत सहायक ग्रेड-के पदों में पदोन्नति के लिए लिखित और कौशल परीक्षा को अनिवार्य किया गया है। 2003 में लागू नियमों के अनुसार, 25 पद वरिष्ठता और योग्यता के आधार पर भरे जाते थे, जिसे 2015 में संशोधित कर 20 कर दिया गया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं में से कुछ को समयमान वेतनमान और पदोन्नति दी गई है, इसलिए यह तर्क देना गलत होगा कि वे 15-20 वर्षों से बिना पदोन्नति के कार्यरत हैं। साथ ही, संशोधित नियमों को संविधान विरोधी बताने का कोई ठोस आधार प्रस्तुत नहीं किया गया। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि समय-समय पर नियमों में किए गए संशोधन आवश्यक होते हैं और अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

## अनमोल वचन......

**ज्ञान सबसे बड़ा धन है। स्वयं से पूछे- धनवान हूं , मैं कितना**

# इस्तीफे की कड़वी दवा गले उतारी

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह से भेंट करने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सिंह 2017 में पहली दफा मणिपुर के मुख्यमंत्री बने थे। उनके नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का राज्य में यह दूसरा कार्यकाल था, परंतु राज्य में हो रही हिंसा पर नियंत्रण रखने में नाकामयाब रहने के आरोप लग रहे थे। इसी दरम्यान सुप्रीम कोर्ट द्वारा जातीय हिंसा में सिंह की भूमिका को लेकर आरोप लगाने वाली लीक हुई ऑडियो क्लिप की प्रमाणिकता को लेकर सील बंद फोरेंसिक रिपोर्ट मांगने के बाद ताजा विवाद शुरू हो गया। इतना ही नहीं, विपक्षी दल कांग्रेस विधानसभा सत्र के दौरान सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को तैयार थी। बीते दो वर्षो से राज्य में मैतई समुदाय व कुकी जनजातियों के बीच चल रहे खूनी संघर्ष से निपटने में सिंह असफल ही नहीं रहे। बल्कि उन पर मैतई विद्रोहियों के समर्थन का भी आरोप है। उनके दल के ही कुछ विधायकों के मुख्यमंत्री से खासा नाराज होने और विपक्ष के संपर्क में होने की चर्चा भी जोरों से है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व को आनन-फानन यह निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा।

नाराज धड़ा यदि टूटकर विपक्ष के पाले में जा मिलता तो सरकार पर संकट आना लाजमी था। जो मोदी सरकार की फजीहत करने वाला साबित होता। इधर दिल्ली सरकार में पताका फहराने का जोश मन्दा भी नहीं पड़ा था कि हिंसा से झुलस रहे मणिपुर की सत्ता पर संकट गहराता भांपते ही स्थिर पर काबू करने के लिहाज से इस्तीफे की कड़वी दवा गले उतारी गई। मणिपुर के अकेले चर्चित फुटबॉल खिलाड़ी रहे बीरेन पत्रकारिता में भी हाथ अजमा चुके हैं। खिलाड़ी और संपादक रहने के नाते उन्हें दांवपेंच का महारथी माना जाता रहा है। कुछ ही दिन पहले उनका कथित इस्तीफा भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था।

जिसे फटा हुआ बताकर शरारत साबित करने की कोशिशें की गई थीं। सबसे लंबे समय तक वहां के मुख्यमंत्री रहे ओकराम इबोबी के सबसे करीबी रहने और उनसे राजनीतिक दांव-पेच सीखने वाले सिंह ने न सिर्फ उनसे बगावत की बल्कि पलटवार करते हुए सत्ता भी हासिल की। आशंका की जा सकती है कि सिंह अपने तेवर फिर दिखाने से चूकेंगे नहीं और सियासी घमासान में पुराना पैंतरा आजमाने से हिचक नहीं सकते। राज्य में शांति बहाली की प्राथमिकता को स्वीकरते हुए केंद्र को भीतरघात के प्रति चौकन्ना रहने के प्रति खास तवज्जो देनी होगी।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज आपको लोगों का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेंगे। शाम को मेहमानों के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको पैतृक संपत्ति मिलने की संभावना है, जिससे आपके धन-संपत्ति में वृद्धि होगी। आज आपके खर्चे भी नियंत्रण में रहेंगे।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है, जो आपके लिए काफ़ी लाभदायक रहेगी। आपकी खुशियों में इजाफा होगा। ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलने की संभावना है, जिसे पूरा करने पर फायदा होगा।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। विपरीत परिस्थितियों में सूझ-बूझ से काम लेंगे तो, आज किसी समस्या का समाधान अवश्य मिलेगा।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखने से उनकी काम करने की क्षमता बेहतर होगी, आज आपका काम समय से पहले पूरा हो सकता है। महिलाएं अपने बिजनेस में ज्यादा एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ होगा।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे। आज शाम माता जी से आप भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। आज आपके मन में तरह-तरह की बाते चलेंगी। नजदीकी लोगों से बातचीत करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करें।

**तुला राशि-** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाया है। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। आप दूसरों पर अपना प्रभाव बनाने में सफल होंगे, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, नहीं तो आस-पास के लोग आपका विरोध कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जाएगा। आज किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो आने वाले दिनों में आपकी मदद करेगा। आज किसी भी बात पर अपनी प्रतिक्रिया जल्दी न दें, पहले स्थितियों को समझें फिर अपनी राय सोच समझ कर दें इससे लोगों के बीच आपकी अहमियत बढ़ जाएगी। ग

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। फिलहाल हर एक बात पर ध्यान देकर स्थिति को सुधारने कोशिश करें। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे।

**मकर राशि-** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। अपने दोस्तों से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। नये व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में आप सोच सकते हैं, एक्सपर्ट से राय लेना न भूलें। पारिवारिक रिश्तों के बीच आप सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से चल रही अनबन दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको खुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे आपको जल्द ही सफलता मिलेंगी।

**मीन राशि-** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। आज व्यापार के मामलों में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। नए लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

# पथरीली और बंजर जमीन हरी-भरी

//भारत डोगरा//

**किसी भी किसान के लिए बहुत उत्साहवर्धक स्थिति है कि पथरीली और बंजर पड़ी भूमि हरी-भरी फसलों से मुस्कराने लगे और यह उत्साह आज राजस्थान के करौली जिले के अनेक किसानों में दिखाई दे रहा है। मकनपुरस्वामी गांव (मंडरयाल ब्लॉक) के कृषक बल्लभ और विमला ने बताया कि उनके गांव में पत्थर का खनन होता रहा है और बहुत सी जमीन पथरीली होने के साथ खनन के पत्थर भी इधर-उधर बिखरे रहते हैं। गांव में पानी की बहुत कमी थी। अतः उनकी जमीन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा बंजर पड़ा था।**

इस स्थिति में आसपास के अनेक गांवों ने चंदा एकत्र किया और फिर श्रमदान करते हुए वर्षा के बहते पानी को एक स्थान पर रोक कर जल संकट को कुछ हद तक कम किया। आगे वे बताते हैं कि इससे भी बड़ा बदलाव तब आया जब 'सृजन' नामक संस्था ने जल-स्रोतों से मिट्टी हटवा कर खेतों में डलवाई। इससे जल-स्रोत में गहराई आई, अधिक जल एकत्र होने लगा और खेतों का उपजाऊपन बढ़ा। खेतों की मेढ़बंदी की तो उनमें भी पानी रुकने लगा। कृषि भूमि का समतलीकरण किया गया। इस सब का मिला-जुला असर यह हुआ कि बहुत सी पथरीली बंजर भूमि पर अब खेती होने लगी।

बल्लभ और विमला अपने हरे-भरे सब्जी के खेत दिखाते हुए बताते हैं कि 'सृजन' ने बीज, पौधों और प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण द्वारा सहायता दी। आरंभ में प्राकृतिक खेती में कुछ कठिनाई आई पर अब प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं की कीमत डेढ़ गुनी मिल रही है। विविध सब्जियों का फसल-चक्र वर्ष भर चलता रहता है, जिससे आय भी होती है और पोषण भी सुधरता है। पशुओं के गोबर और मूत्र की खाद बनाने के लिए बायो-रिसोर्स सेंटर भी उन्होंने स्थापित किया है। इसी गांव के किसान मान सिंह बताते हैं कि 'सृजन' ने उनके जैसे कुछ किसानों को सोलर पंप सेट लगाने में सहायता दी और कुछ अन्य को सरकारी विभागों से यह सब्सिडी सहित प्राप्त करने में सहयोग भी दिया। इनके सोलर पंप बहुत कामयाब हैं और डीजल के खर्च में भी बहुत कमी आई है, जबकि प्राकृतिक खेती के प्रसार से अन्य खचरे में बहुत कमी आई है।

इसी प्रखंड में जगदड़पुरा की महिला किसान संगठित हुई हैं, और नियमित मीटिंग कर विकास कार्य को आगे बढ़ाती हैं। यह गांव राजस्थान की सीमा पर है और थोड़ा सा आगे जाकर मध्य प्रदेश के मुरैना जिले या चम्बल क्षेत्र के बीहड़ आरंभ हो जाते हैं। अतः यहां भूमि बंजर होने का खतरा बीहड़ों के प्रसार से भी है और मिट्टी के अधिक कटाव से बीहड़ फैलते और बढ़ते हैं। गांव के किसान अपनी मेहनत से जमीन को समतल कर इस कठिन स्थिति को संभालते हैं। यहां 'सृजन' के प्रयासों ने किसानों की हिम्मत को बहुत बढ़ा दिया है। गांव की महिलाओं ने सामूहिक चर्चा में बताया कि पहाड़ी क्षेत्र में जल-संरक्षण कार्य 'सृजन' की सहायता से हुए हैं जिससे जल-स्तर में सुधार हो रहा है। भूमि का समतलीकरण और मेढ़बंदी को भी बढ़ाया गया है और प्राकृतिक खेती का प्रसार किया गया है।

ऐसे विभिन्न प्रयासों से इस गांव में लगभग 25 हैक्टेयर बंजर भूमि पर खेती होने लगी है और इससे लगभग दो गुनी भूमि पर फसल की सघनता और उत्पादकता बढ़ी है। जिस भूमि पर पहले केवल बाजरा होता था, उस पर अब गेहूं, चना, सरसों और सब्जियां सब हो रहे हैं। 'सृजन' के माध्यम से सरकारी कृषि विज्ञान केंद्र से भी मजबूती का संबंध बना है और सिलाई की मशीन, सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर आदि का लाभ मिला है। खारा पानी गांव की बड़ी समस्या है और जब जल जीवन मिशन में लगे नल से बेहतर गुणवत्ता का पानी आने लगा तो लोग बहुत प्रसन्न हुए पर किसी अन्य गांव में पानी फसल के लिए लेने हेतु पाइपलाइन तोड़ दी गई तो यहां नल में पानी आना रुक गया और लोग फिर खारा पानी पीने को मजबूर हो गए। इसी ब्लॉक में स्थित तीन पोखर गांव पथरीली भूमि और पानी की कमी के अतिरिक्त जंगली जानवरों के प्रकोप से त्रस्त रहा है।

यहां की बहुत कठिन स्थितियों को देखते हुए अनेक संस्थाओं ने जल-संरक्षण का कार्य किया। हाल के समय में 'सृजन' ने 8 पोखर बनवाए, 18 पोखरों को गहरा किया, मेढ़ पक्की की और अन्य सुधार किए। प्राकृतिक खेती का प्रसार किया और सरकारी सहायता प्राप्त करने में सहयोग किया। इसका असर यह हुआ है कि विकट परिस्थितियों और विशेषकर जंगली पशुओं संबंधी बढ़ती कठिनाइयों के बावजूद कुछ किसान बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने में जुटे हैं और खेत से पत्थर हटाने, समतलीकरण, उपजाऊ मिट्टी डलवाने के कार्य 'सृजन' जैसी संस्थाओं के सहयोग से कर रहे हैं। सपोटरा ब्लॉक में कैला देवी धार्मिक स्थल से आगे पहाड़ी वनीय क्षेत्र इस जिले में अधिक हैं। यहां के मार्ग बहुत कठिन हैं और गांव दूर-दूर तक बिखरे हुए हैं। ऐसे बड़े क्षेत्र प्रायः नजर आते हैं जहां सिंचाई मिलने से खेती हो सकती है पर पानी के अभाव में भूमि बंजर पड़ी है।

अपने सीमित संसाधनों के आधार पर 'सृजन' ने ऐसे अनेक गांवों को चुना है और बड़ी संख्या में पोखर बनवाए हैं या पहले से बने पोखरों का सुधार किया है और उनकी सफाई के दौरान प्राप्त मिट्टी से खेतों को अधिक उपजाऊ बनाया। रावतपुरा एक ऐसा ही गांव है जहां 'सृजन' ने वर्ष में लगभग 13 नये जल स्रोत या पोखर बनवाए और लगभग इतने ही पहले से बने पोखरों का सुधार भी किया। इस कार्य के फलस्वरूप लगभग 200 एकड़ बंजर भूमि पर खेती होने लगी और लगभग इतनी ही भूमि पर एक के स्थान पर दो फसल होने लगीं और उत्पादकता भी बढ़ गई। जहां पहले वर्षा आधारित धान होता था, वहां रबी की फसल में भी गेहूं, चने, सरसों का उत्पादन होने लगा। पहले अपना पेट भरने लायक अनाज भी किसान प्राप्त नहीं कर रहे थे, वहां अब व्यापारी गांव में आकर ही गेहूं, सरसों आदि खरीदने लगे। एक किसान देवी सिंह की लगभग आधी भूमि बंजर पड़ी थी पर अब इस भूमि पर भी खेती हो रही है, फसल लहलहा रही है। किसान इन विभिन्न विकास कार्य में लगभग एक तिहाई आर्थिक सहयोग स्वयं देने को तैयार रहते हैं जबकि लगभग दो तिहाई सहयोग 'सृजन' की ओर से किया जाता है। जिन किसानों के लिए अपना सहयोग देना कठिन हो उनके लिए आपसी बातचीत से कोई समाधान निकाल लिया जाता है।

इस तरह समुदायों के साथ नजदीकी भागेदारी से कार्य करते हुए और इस आधार पर जल-स्रोतों के निर्माण, पुराने जल-स्रोतों के सुधार, मेढ़बंदी, भूमि समतलीकरण आदि के कार्य से बंजर भूमि को हरा-भरा करने की बड़ी संभावनाएं उत्पन्न होती हैं। 'सृजन' के टीम लीडर भवानी सिंह के अनुसार पांच वर्षो के प्रयास में प्रखंडों में 1250 एकड़ बंजर भूमि पर खेती की प्रगति संभव हुई और 286 पोखरों का सुधार हुआ जबकि 96 नये पोखर बनाए गए। ग्रामीण समुदायों की उत्साहवर्धक भागेदारी प्राप्त हो जाने से यह कार्य बहुत कम बजट पर हो सका और इस तरह बंजर भूमि को हरा-भरा करने के इस प्रयास से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

# यूरोप को राजनीतिक और कूटनीतिक झटके

//डॉ. दिलीप चौबे//

**अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद राजनीतिक और कूटनीतिक झटके यूरोप में महसूस किए जा रहे हैं। जर्मनी के शहर म्यूनिख में चल रहे सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के भाषण ने यूरोप के सत्ता प्रतिष्ठानों को हिला दिया है। कुछ महीने पहले तक अमेरिका यूरोप के नेता एक ही सुर में बोलते थे। यूक्रेन युद्ध सहित अनेक विश्व मामलों में दुनिया को बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के बजाय आग में घी डालने का काम किया। यूक्रेन, रूस और यूरोप को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी।**

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने वायदे के अनुसार कार्यकाल के आरंभ में ही युद्ध समाप्त कराने तथा शांति वार्ता आयोजित करने के संबंध में ठोस पहल की। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति पुतिन से लंबी बातचीत की। ट्रंप का शांति फार्मूला है यूक्रेन में तुरंत युद्ध विराम हो तथा बातचीत शुरू हो। रूस को भरोसा दिलाया जाए कि यूक्रेन को कभी पश्चिमी देश सैन्य संगठन नाटो एवं सदस्य नहीं बनाया जाएगा। वास्तव में कुछ वर्ष पहले यदि यह घोषणा की गई होती तो युद्ध शुरू ही नहीं होता। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेग सेथ ने नाटो की बैठक में अमेरिका के इसी रवैये को दोहराया जो यूरोपीय सदस्य देशों को नागवार गुजरा। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की खुलकर ट्रंप प्रशासन का विरोध करने की स्थिति में नहीं हैं। हालांकि पर्दे के पीछे वह अमेरिका के खिलाफ यूरोपीय देशों की लामबंदी का प्रयास कर रहे हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का संबोधन यूरोप की सरकारों और नेताओं की नीतियों पर खुला प्रहार था। उन्होंने इन देशों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर अपनाई जा रही पाखंडपूर्ण नीतियों की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यूरोप को रूस और चीन सहित बाहरी शक्तियों के बजाय घरेलू ताकतों से असल खतरा है। जेडी वेंस ने आरोप लगाया कि यूरोपीय देशों में अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने की कोशिश की जा रही है जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्तोरियस ने आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि यह स्वीकार नहीं किया जा सकता। वास्तव में आव्रजन, इस्लामी कट्टरवाद, गर्भपात, पर्यावरण और वैक्सीन आदि मुद्दों पर ट्रंप प्रशासन तथा यूरोपीय नेताओं में मतभेद है।

पिछले चुनाव में अमेरिकी मतदाताओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ ट्रंप को भारी जनादेश दिया था। ट्रंप प्रशासन अब इन्हीं नीतियों को अन्य देशों में फैलाना चाहता है। उपराष्ट्रपति वेंस का संबोधन ऐसे समय सामने आया है जब जर्मनी में आम चुनाव होने वाले हैं। चांसलर शोल्ज को कड़ी चुनौती का सामना है। यूरोप की अन्य देशों की तरह जर्मनी में भी आव्रजन और इस्लामी कट्टरवाद विरोधी राजनीतिक दलों की ताकत बढ़ रही है। जर्मनी के दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी दल एडीएफ की ताकत में इजाफा हो रहा है। मस्क एडीएफ का समर्थन कर रहे हैं। जर्मनी और यूरोप के अन्य देशों में यह धारणा बन रही है कि ट्रंप प्रशासन चुनाव में दखलअंदाजी कर रहा है।

यह विडंबना है कि कुछ दिन पहले जो यूरोपीय देश अन्य देशों को अभिव्यक्ति की आजादी की नसीहत दे रहे थे, वे आज खुद कठघरे में खड़े हैं। वास्तव में पश्चिम का वर्चस्ववादी वौंकि तंत्र सूचना युद्ध पर टिका था। सूचना के सभी माध्यमों पर इन देशों का एकाधिकार था। किसी भी मुद्दे पर घरेलू और विदेशी मोर्चे पर जनमत का निर्माण करने के लिए इस सूचना तंत्र का इस्तेमाल किया जाता था। ट्वीटर, फेसबुक और व्हाट्सएप आदि के प्रचलन के बाद लोगों को सूचना के वैकल्पिक माध्यम हासिल हुए।

एलन मस्क ने ट्वीटर का स्वामित्व हासिल करने के बाद इसे आंतरिक सेंसरशिप से मुक्त किया। वास्तव में भारत पश्चिमी देशों के सूचना एकाधिकार के दुष्परिणाम का भुक्तभोगी रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर कहते रहे हैं कि भारत और उसकी सरकार की छवि खराब करने के लिए सुनियोजित अभियान चलाया जाता है। जयशंकर ने कुछ वर्ष पूर्व इसी म्यूनिख सम्मेलन में कहा था कि यूरोपीय देश यह मानते हैं कि इस महाद्वीप की समस्या विव्यापी है जबकि अन्य देशों की समस्याओं से उनका कोई लेना-देना नहीं है। यह स्थिति ज्यादा दिन तक नहीं चल सकती। अमेरिकी उपराष्टपति ने प्रकारांतर से जयशंकर के तर्क को ही आगे बढ़ाया है।

# अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए या नहीं

देखा जाये तो रेल मंत्री पद से अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांगा जा रहा है तो इसमें कुछ गलत नहीं है क्योंकि बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे की ही नहीं है। आप रेलवे को समग्र रूप में देखेंगे तो पाएंगे कि कोई बड़ा सुधार कर पाने में अश्विनी वैष्णव पूरी तरह विफल रहे हैं। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत ही बड़ी खबर नहीं है। बड़ी खबर यह भी है कि रेलवे ने पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखा है। बड़ी खबर यह भी है कि लोग यह समझ चुके हैं कि रेलवे में सुधार की बातें सिर्फ खोखली हैं। बड़ी खबर यह भी है कि तमाम लोगों को इस बात का पक्का विश्वास हो चला है कि पर्वों-त्योहारों और छुट्टियों के समय टिकट खरीदने से लेकर अपने गंतव्य तक पहुँचने तक रेल का सफर परेशान करेगा ही करेगा। बड़ी खबर यह भी है कि रेलवे स्टेशन पर या पटरी पर चलती ट्रेन के साथ कितनी बड़ी दुर्घटना हो जाये, रेल मंत्री कभी नैतिक जिम्मेदारी नहीं लेंगे। बड़ी खबर यह भी है कि दुर्घटना होने पर मुआवजे या जांच का ऐलान तुरंत ही करने वाले रेल मंत्री अपना इस्तीफा देना तो दूर कभी इस्तीफे की पेशकश तक नहीं करेंगे।देखा जाये तो रेल मंत्री पद से अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांगा जा रहा है तो इसमें कुछ गलत नहीं है क्योंकि बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे की ही नहीं है। आप रेलवे को समग्र रूप में देखेंगे तो पाएंगे कि कोई बड़ा सुधार कर पाने में अश्विनी वैष्णव पूरी तरह विफल रहे हैं। अगर महाकुंभ की ही बात कर लें तो भले रेल मंत्री ने प्रयागराज के लिए हजारों ट्रेनें चलाने के दावे किये हों लेकिन आप देशभर में सर्वे करा लें तो पाएंगे कि प्रयागराज के लिए ज्यादातर लोगों को ट्रेनों में टिकट मिले ही नहीं और जिनको टिकट मिले उनका सफर आरामदायक नहीं रहा। यही नहीं, हैरानी की बात यह भी रही कि प्रयागराज के लिए रेलवे की वेबसाइट और ऐप पर भले टिकट नहीं थे लेकिन मेकमाई ट्रिप जैसी ट्रैवल साइटों पर 500 रुपए की अतिरिक्ति फीस देकर उसी तारीख के रेलवे टिकट उपलब्ध थे। हम 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन 2025 तक रेलवे को इतना भी आत्मनिर्भर नहीं बना पाये हैं कि उसकी ही वेबसाइट और ऐप पर सभी को कंफर्म टिकट मिल जायें। आज भी रेल यात्रियों को अपना टिकट कंफर्म कराने के लिए वीआईपी कोटा या रेलवे कोटा लगवाने के लिए नेताओं और अधिकारियों से मदद मांगनी पड़ती है जोकि शर्मनाक है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के जांच के आदेश तो दे दिये गये हैं लेकिन सवाल उठता है कि पहले की घटनाओं की जांच रिपोर्टों का क्या हुआ। पिछली घटनाओं के लिए कौन लोग दोषी ठहराये गये, उन्हें कौन-सी कड़ी सजा हुई। क्या इसका विवरण कभी रेल मंत्री देश के सामने रखने का साहस जुटाएंगे। देखा जाये तो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना का प्रमुख कारण था ऐन समय पर ट्रेनों के प्लेटफॉर्म का बदला जाना। यह ऐसी चूक है जिसकी वजह से पहले भी दुर्घटनाएं हुई हैं लेकिन रेलवे ने कभी सबक नहीं सीखा। जब रेलवे स्टेशन का प्रबंधन यह देख रहा था कि वहां भारी भीड़ उमड़ी हुई है । तो प्लेटफॉर्म बदलने का फैसला टाल कर क्या घटना को रोका नहीं जा सकता था।

## तस्वीरों की दुनिया




प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हुए ।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाल ही में कोलकाता में हुई रेल दुर्घटनाओं के बाद केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के खिलाफ विरोध रैली में हिस्सा लिया।



केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़।



इम्फाल के तम्फासना गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परीक्षा हॉल के अंदर परिश्रमपूर्वक अपना कोहसेम कक्षा बारहवीं परीक्षा का पेपर लिखते हुए।



राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में शुरू की गई सफाई प्रक्रिया के तहत यमुना नदी से कचरा हटाने के लिए एक कचरा स्कीमर काम करता है।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा भोपाल गैस कांड के कचरे के निस्तारण का मामला, पीथमपुर के लोग कर रहे हैं विरोध



नईदिल्ली, 18 फरवरी [एजेंसी]।

1984 की भोपाल गैस त्रासदी के खतरनाक कचरे के निस्तारण का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को एक याचिका पर केंद्र सरकार, मध्य प्रदेश और उसके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा। इस त्रासदी में 5,479 लोगों की मौत हो गई थी और पांच लाख से ज्यादा लोग दिव्यांग हो गए थे। अब बंद हो चुकी यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के लगभग 377 टन खतरनाक कचरे को धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया, जो भोपाल से 250 किलोमीटर और इंदौर से लगभग 30 किलोमीटर दूर है। शीर्ष अदालत ने स्वास्थ्य के अधिकार और इंदौर शहर सहित आस-पास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए जोखिम के मुद्दे को उठाने वाली याचिका का संज्ञान लिया। दो-तीन दिसंबर, 1984 की रात को यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से अत्यधिक जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हुआ था। इसे दुनिया की सबसे भयानक औद्योगिक आपदाओं में से एक माना जाता है। जस्टिस बीआर गवई और आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के तीन दिसंबर, 2024 और छह जनवरी, 2025 के आदेशों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गई।

याचिकाकर्ता चिन्मय मिश्र ने अधिवक्ता सर्वम ऋतम खरे के माध्यम से शीर्ष अदालत में दायर याचिका में कहा है कि वह पीथमपुर में 337 टन खतरनाक रासायनिक कचरे के निस्तारण के अधिकारियों के निर्णय से चिंतित हैं। निस्तारण स्थल से एक किलोमीटर के दायरे में कम से कम चार-पांच गांव स्थित हैं। इन गांवों के निवासियों का जीवन और स्वास्थ्य अत्यधिक जोखिम में है। यह उल्लेख करना उचित है कि गंभीर नदी औद्योगिक क्षेत्र के बगल से बहती है और यशवंत सागर बांध को पानी उपलब्ध कराती है।

# कतर का भारत प्रेम... इकोनॉमी, एनर्जी और गैस समेत कई सेक्टर में मिलेगा सहयोग, कल पीएम मोदी के साथ बैठक



नईदिल्ली, 18 फरवरी [एजेंसी]।

अपनी इकॉनमी में गैस की हिस्सेदारी मौजूदा 7 फीसदी से वर्ष 2030 तक बढ़ा कर 15 फीसद करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही केंद्र सरकार अब कतर से और ज्यादा गैस खरीद सकती है। इस बारे में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच वार्ता होने जा रही है। दरअसल, भारत की दो दिवसीय यात्रा पर कतर के अमीर तमीम बिन हमीद अल-थानी सोमवार को पहुंचे और पीएम नरेंद्र मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता होगी। इसमें ऊर्जा और कारोबारी संबंधों पर ही मुख्य तौर पर बात होगी। भारत कतर के सरकारी निवेश फंड से ज्यादा निवेश आकर्षित करने की भी कोशिश कर रहा है और दोनों नेताओं के बीच होने वाली वार्ता में यह भी एक प्रमुख मुद्दा होगा।

पश्चिम एशिया में लगातार तनाव के माहौल को देखते हुए कतर भारत के साथ रक्षा संबंधों को भी मजबूत बनाने पर जोर दे रहा है। इस बारे में एक अहम घोषणा किए जाने की संभावना है। कतर भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद अहम देश है। भारत में गैस आयात का 70 फीसद गैस कतर से होता है। हाल ही में मोदी सरकार ने देश की इकॉनमी में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने का फैसला किया है। इंटरनेशनल इनर्जी एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में भारत ने तकरीबन 65 अरब घन मीटर गैस की खपत की है जो वर्ष 2030 तक 120 अरब घन मीटर हो जाएगी। अभी भारत अपनी जरूरत का 50 फीसदी गैस विदेशों से खरीदता है जो बढ़ कर 70 फीसदी तक होने की उम्मीद है। कतर भारत को गैस आपूर्ति करने वाला एक भरोसेमंद देश है। ऐसे में इससे ज्यादा गैस खरीदने को भारत इच्छुक है। दोनों देशों के तेल कंपनियों के बीच संबंधित क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। भारत और कतर के रिश्तों में वर्ष 2022 में तनाव तब आ गया था जब वहां की एक सरकारी शिपिंग कंपनी में कार्यरत आठ भारतीयों को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया था।ये सभी भारतीय नौ सेना से सेवानिवृत्त अधिकारी थे जो बाद में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग कंपनी में काम कर रहे थे। वहां की कोर्ट ने उन्हें फांसी की सजा भी दी थी जिसे बाद में भारत की तरफ से काफी कूटनीतिक कोशिश करने के बाद रिहा कराने में मदद मिली थी। इसमें से एक अधिकारी अभी भी कतर से वापस नहीं आ पाया है। अन्य सातों की रिहाई के कुछ ही दिनों बाद पीएम मोदी ने कतर की यात्रा की थी। तब उन्होंने कतर के अमीर को भारत आने के लिए आमंत्रित किया था। दस वर्षों बाद अमीर फहीम अल-थानी भारत आ रहे हैं।

## एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए गठित समिति के समक्ष पेश होंगे पूर्व CJI यूयू ललित, देंगे अपनी राय

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित सहित चार लोग एक राष्ट्र एक चुनाव (ओएनओई) विधेयक की परख के लिए संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष 25 फरवरी को अपनी बैठक में गवाही देंगे। इनमें नितेन चंद्रा भी शामिल हैं, जो पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति के सदस्य थे। इस समिति का गठन एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक की जांच के लिए किया गया है।

# अभद्र टिप्पणी मामले में रणवीर इलाहाबादिया को मिलेगी राहत! एफआईआर के खिलाफ याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** यूट्यूब पर एक शो के दौरान कथित रूप से अभद्र टिप्पणियों को लेकर दर्ज प्राथमिकियों के खिलाफ रणवीर इलाहाबादिया की याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ इस मामले पर सुनवाई कर सकती है। इलाहाबादिया के वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था। जब चंद्रचूड़ ने कहा कि असम पुलिस ने इलाहाबादिया को दिन में जांच में शामिल होने के लिए बुलाया है, तो प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा कि मैंने पीठ निर्धारित कर दी है। यह मामला दो-तीन दिनों में (पीठ के समक्ष) आएगा। हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब शो इंडियाज गाट लैटेंट पर माता-पिता और यौन संबंधों पर पाडकास्टर इलाहाबादिया की टिप्पणी ने विवाद खड़ा कर दिया और देश के विभिन्न हिस्सों में उनके और अन्य के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

इलाहाबादिया और रैना के अलावा असम में दर्ज मामले में आशीष चंचलानी, जसप्रीत सिंह और अपूर्वा मखीजा के नाम भी हैं। इलाहाबादिया, रैना और अन्य लोगों के खिलाफ जयपुर में भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। जय राजपूताना संघ ने साइबर थाने में यह रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस बीच, महाराष्ट्र साइबर सेल ने रणवीर इलाहाबादिया को 24 फरवरी को अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया है। एक अधिकारी ने बताया कि इससे पहले साइबर सेल ने इलाहाबादिया को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन वह नहीं आए। अब उन्हें 24 फरवरी को जांच में शामिल होने के लिए फिर से बुलाया गया है। एएनआई के अनुसार, समय रैना को वीडियो कांफ्रेंस के जरिये अपना बयान दर्ज कराने की अनुमति नहीं मिली।

महाराष्ट्र साइबर सेल ने इस सिलसिले में रैना के अनुरोध को ठुकरा दिया है। रैना ने कहा था कि वह फिलहाल अमेरिका में हैं और पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण 17 मार्च से पहले भारत नहीं लौट पाएंगे। लेकिन, महाराष्ट्र साइबर सेल ने रैना को 18 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा है।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने यूट्यूबर द्वारा की गई अपमानजनक और अश्लील टिप्पणियों के संबंध में जारी समन का जवाब देने में विफल रहने के बाद सुनवाई की नई तारीख जारी की है। महिला आयोग ने कहा कि रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना, अपूर्वा मखीजा, आशीष चंचलानी और अन्य यूट्यूबर इंडियाज गाट लैटेंट शो विवाद के सिलसिले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने में विफल रहे हैं। इन लोगों को 17 फरवरी को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा गया था।

# हसीना सरकार के पतन के बाद पहली बार एक मंच पर भारत-बांग्लादेश, सीमा सुरक्षा बलों के बीच आज होगी बैठक



नईदिल्ली, 18 फरवरी [एजेंसी]।

बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल द्विपक्षीय वार्ता के लिए सोमवार को दिल्ली पहुंचा। दोनों सेनाओं के बीच 55वां महानिदेशक-स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन लोधी रोड पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद दोनों सीमा सुरक्षा बलों के बीच यह पहली शीर्ष स्तरीय बैठक होगी। बैठक का आयोजन मंगलवार को होना है। बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल 20 फरवरी तक यहां रहेंगे।अधिकारियों ने कहा कि वार्ता में भाग लेने के अलावा वे केंद्रीय गृह मंत्रालय के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात कर सकते हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी कर रहे हैं, जबकि दौरे पर आई बांग्लादेशी टीम का नेतृत्व बीजीबी डीजी मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी कर रहे हैं।

बीएसएफ ने पिछले हफ्ते कहा था कि सीमा संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने और सीमा सुरक्षा बलों के बीच समन्वय में सुधार के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें कहा गया था कि बांग्लादेश स्थित बदमाशों/नागरिकों द्वारा बीएसएफ कर्मियों और भारतीय नागरिकों पर हमलों को रोकने के साथ-साथ सीमा पार अपराधों, बाड़ के निर्माण, सीमा बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों, समन्वित सीमा प्रबंधन योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संयुक्त प्रयासों, विश्वास निर्माण उपायों और अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# मान सरकार ने इस आईपीएस अधिकारी को बनाया पंजाब विजिलेंस ब्यूरो का चीफ डॉयरेक्टर

चंडीगढ़, 18 फरवरी [एजेंसी]।

पंजाब के विजिलेंस ब्यूरो को अब नया प्रमुख मिल गया है। राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जी. नागेश्वर राव को विजिलेंस ब्यूरो का नया चीफ डायरेक्टर बनाया गया है। वह वरिंदर कुमार का स्थान ले रहे हैं। यह प्रशासनिक फेरबदल तब किया गया है जब पंजाब सरकार ने एक सरकारी आदेश जारी कर सभी विभागों के चीफ, डीसी और एसएसपी से कहा था कि राज्य में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वरिंदर कुमार को अभी कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है उन्हें केवल पुलिस महानिदेशक को रिपोर्ट करने कहा गया है। सरकारी आदेश में कहा गया है, जी नागेरश्वर राव (आरआरः 1995) अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, चंडीगढ़ को अब विजिलेंस ब्यूरो का चीफ डायरेक्टर नियुक्त किया जाता है जो कि स्पेशल डीजीपी वरिंदर कुमार (आरआरः 1993) स्थान लेंगे। इसके साथ ही वरिंदर कुमार को चीफ निदेशक के पद से मुक्त किया जाता है। वरिंदर कुमार की तैनाती इस पद पर 2022 में हुई थी। करीब तीन साल के बाद उन्हें इस पद से हटाकर उनके जूनियर को यह जिम्मेदारी दी गई है। नागेश्वर राव 1995 और वरिंदर कुमार 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वरिंदर कुमार के कार्यकाल में विजिलेंस ब्यूरो ने पंजाब में हुए बड़े घोटालों का खुलासा किया था जो कि कांग्रेस की कार्यकाल में हुए थे।

## ट्रकों ने ट्रैक्टर को टक्कर मारी,दो की मौत

**शिवपुरी।** सुबह दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब दो ट्रक ओवरटेक करने के दौरान सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गए। ट्रॉली में भरी पत्थर की फर्सी दोनों भाइयों पर गिर गई, जिससे मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।हादसे से पहले दोनों भाई ट्रैक्टर का टायर बदल रहे थे। घटना के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। प्रशासन के अधिकारियों की समझाइश पर 2 घंटे बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम खत्म किया। हादसा सुरवाया थाना क्षेत्र के एनएच-27 अमोला घाटी में हुआ। मोहनगढ़ के दो सगे भाई मस्तराम गुर्जर (25) और सेवाराम गुर्जर (24) अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पत्थर की फर्सी भरकर करैरा जा रहे थे। इसी दौरान अमोला घाटी में ट्रैक्टर का पहिया पंक्चर हो गया। दोनों भाई सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़ा कर टायर का पंक्चर ठीक कर रहे थे।

## ज्ञानेश कुमार होंगे देश के अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त धारा 370 से लेकर राम मंदिर तक से रहा नाता



**नई दिल्ली।** ज्ञानेश कुमार देश के मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। वह मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की जगह लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय चयन समिति ने सोमवार शाम को ज्ञानेश कुमार के नाम की सिफारिश की, जिस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मुहर लगाई। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। वहीं, डॉ. विवेक जोशी तीन सदस्यीय चुनाव आयोग के नए सदस्य होंगे। अभी तक की परंपरा के अनुसार सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को ही मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया जाता रहा है। राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त हैं। चुनाव आयुक्त के रूप में उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक है।

# उत्तर पूर्वी दिल्ली में महिला की चाकू मारकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

नईदिल्ली, 18 फरवरी [एजेंसी]।

उत्तर पूर्वी दिल्ली में गोकुलपुरी थाना क्षेत्र में 28 वर्षीय महिला की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मृतक महिला की मां और बहन ने आरोप लगाया है कि उसके पति ने उसकी हत्या की है। उसने पहले भी ऐसा करने की कोशिश की थी। उनकी शादी 10 साल पहले हुई थी, उनके दो बच्चे हैं और उनका तलाक होना था, लेकिन उससे पहले ही उसने उनकी बेटी की हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार, मृतक महिला की पहचान पूजा के रूप में हुई है। पूजा का पति हर्ष गोयल फरार है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सुबह 9.08 बजे कॉल आई थी कि एक महिला को चाकू मार दिया गया है। पुलिस जौहरीपुर पुलिया पर मौके पर पहुंची तो देखा कि वहां खून पड़ा था और घायल महिला को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल पहुंचाया गया था। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। पुलिस जब अस्पताल पहुंची तो डॉक्टर ने बताया कि महिला की मौत हो चुकी है। मृतका की बहन अनीता ने बताया कि मेरी बहन पूजा अपने पति से बहुत परेशान थी। हम एक या दो दिन में कोर्ट में तलाक के लिए केस डालने वाले थे। इससे पहले ही उसने पूजा की हत्या कर दी। उसने धमकी दी थी कि मैं खुद मर जाऊंगा या उसे मार दूंगा। अभी दस दिन पहले ही उसने उसे बहुत मारा था। हमने करावल नगर थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। मृतका की मां मंजू गुप्ता ने मीडिया को बताया कि मेरी बेटी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। बेटी के पति ने उसकी हत्या की है। दस साल पहले पूजा की शादी हुई थी, उसके दो बच्चे हैं। उसका पति उसे बहुत मारता था। इस वजह से मेरी बेटी उसके साथ रहना नहीं चाहती थी।

उसने मुझे सुबह करीब दस बजे कॉल की और फिर फोन बंद कर दिया। जौहरीपुर की निवासी मंजू गुप्ता ने आगे बताया कि मुझे पूरा शक है कि मेरे दामाद ने ही मेरी बेटी की हत्या की है। हमने पुलिस को भी यही बताया कि दामाद ने ही उनकी बेटी की हत्या की है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक से भिड़ी, तीन की मौत

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज कुंभ में स्नान करके घर लौट रहे श्रद्धालुओं की एक कार में ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग घायल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस और हाईवे की टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।एडिशनल एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने बताया कि एक कार सवार, जो कि कुंभ से राजस्थान वापस जा रहे थे, तभी जसवंत नगर में उनकी गाड़ी में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। उनका इलाज अस्पताल में हो रहा है। जिला चिकित्सालय के डॉक्टर शिवम राजपूत ने बताया कि थाना जसवंत नगर के ग्राम नगला कन्हई के पास एक एक्सीडेंट हुआ था। इसमें एक कार और ट्रक की भिड़ंत हो गई। जिसमें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल के इमरजेंसी में तीन लोग लाए गए थे। वे तीनों मृत थे। सभी के शव गृह में रखवा दिए गए। दो घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहा है। ये लोग कुंभ से स्नान करके भरतपुर लौट रहे थे। कार सवार लोग राजस्थान के भरतपुर के रहने वाले हैं। पांचों लोग कुंभ से स्नान के बाद वापस अपने घर जा रहे थे।

# महाशिवरात्रि से पहले काशी में श्रद्धालुओं का तांता, दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु

वाराणसी, 18 फरवरी [एजेंसी]।



प्रयागराज में जारी महाकुंभ के बाद श्रद्धालु काशी की ओर रुख कर रहे हैं। रोजाना लाखों की संख्या में भक्त काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए भी पहुंच रहे हैं। भारी भीड़ को देखते हुए वाराणसी प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। महाशिवरात्रि से पहले भीड़ बढ़ने की आशंका के चलते चौराहों, गंगा घाटों और प्रमुख मंदिरों पर पुलिस तैनात की गई है। ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।डीसीपी काशी जोन गौरव बंशवाल ने बताया कि बनारस में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। भीड़ प्रबंधन के तहत प्रमुख प्रवेश और निकास बिंदुओं को चिन्हित कर अलग-अलग किया गया है, जिससे लोगों की आवाजाही सुगम रहे। घाटों पर भी पुलिस बल के अलावा NDRF और जल पुलिस की टीमों को तैनात किया गया है। भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए विश्वनाथ मंदिर से भदौरिया चौराहे तक कड़े इंतजाम किए गए हैं। प्रवेश मार्गों को जिग-जैग पैटर्न में रखा गया है ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और दर्शन की प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रहे।

श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के बावजूद उनमें आस्था और भक्ति का उत्साह कम नहीं हुआ है। लोग घंटों लाइन में लगने के बावजूद भगवान शिव के दर्शन के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं। नागपुर से आईं श्रद्धालु नीला देशपांडे ने बताया, हम यहां दो घंटे से खड़े हैं। मोती से आने में एक घंटा लगा। काशी में बहुत भीड़ है, हर गली में लोग ही लोग नजर आ रहे हैं। लेकिन आस्था की भावना इतनी प्रबल है कि सब कुछ सहन कर रहे हैं।गुजरात के आणंद से आए अरविंद पटेल ने बताया, यहां बहुत भीड़ है। हम लोग चार घंटे से लाइन में खड़े हैं, लेकिन अभी तक दर्शन नहीं कर पाए। इतनी दूर से आए हैं, तो दर्शन करके ही जाएंगे। वहीं, झारखंड से आए श्रद्धालु आरके सिन्हा ने कहा, आज सोमवार है, इसलिए भीड़ और ज्यादा हो गई है। लेकिन हम भी पूरी श्रद्धा के साथ दर्शन के लिए आए हैं। गुदौलिया से चौक तक के मार्ग पर भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। मंदिर प्रशासन और पुलिसकर्मी लगातार भीड़ को नियंत्रित करने में जुटे हैं।

## ये तो राजनीतिक गुंडागर्दी है..., आयोग्य ठहराई गई सोलन की मेयर को सुप्रीम कोर्ट ने किया बहाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सोलन की मेयर उषा शर्मा को शेष कार्यकाल के लिए उनके पद पर बहाल कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी अयोग्य ठहराने की प्रक्रिया को राजनीतिक गुंडागर्दी का मामला करार दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 20 अगस्त, 2024 के अपने आदेश को पूर्ण घोषित कर दिया, जिसमें सोलन की मेयर की अयोग्यता पर रोक लगा दी गई थी। उनके निष्कासन को पुरुष पक्षपात का मामला करार दिया गया था। पीठ ने कहा, 20 अगस्त का अंतरिम आदेश पूर्णतः लागू माना जाएगा। आदेश में किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने पर परिणाम भुगतने होंगे। प्रतिवादियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने जब हस्तक्षेप करने का प्रयास किया तो पीठ ने कहा कि वह फिलहाल आदेश में कोई कड़ी टिप्पणी नहीं करना चाहती, क्योंकि यह राजनीतिक गुंडागर्दी का मामला है। जबकि उषा शर्मा के वकील ने कहा कि उनका कार्यकाल अगले वर्ष पूरा हो जाएगा और उन्होंने अदालत से पिछले वर्ष के अंतरिम आदेश को निरपेक्ष बनाने का आग्रह किया।

## प्रतिबंधित इलाके में ड्रोन उड़ा रहे थे राहुल गांधी, वीडियो वायरल हुआ तो मचा बवाल

**नई दिल्ली।** एक वीडियो में प्रतिबंधित चीनी ड्रोन उड़ाने के लिए भारतीय उद्योग जगत के विशेषज्ञों व उद्यमियों ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आलोचना की है। राहुल ने यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने भारतीय ड्रोन उद्योग की आलोचना की थी। ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीएफआई) के प्रेसिडेंट स्मित शाह ने राहुल गांधी की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की और कहा कि देश के विकसित हो रहे ड्रोन सेक्टर को खारिज कर देना व चीनी डीजेआई ड्रोन का प्रदर्शन करना अनुचित एवं गुमराह करने वाला है। गौरतलब है कि डीजेआई ड्रोन शेनझेन, गुआंगडोंग स्थित डीजेआई टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड द्वारा निर्मित ड्रोन हैं। स्मित शाह ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि डीजेआई ड्रोन को 2022 से भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है, इसके बावजूद राहुल गांधी को इसे उड़ाते हुए देखा गया।

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में फिर लगी भयानक आग, यात्रियों में मचा हड़कंप



**प्रयागराज।** महाकुंभ में एक बार फिर आग लगने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार इस बार आग महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर आठ में लगी है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं हैं। जानकारी के अनुसार आग देखते ही देखते फैल गई। आग की लपटें देख वहां मौजूद लोग घबरा गए। हालांकि अब इसे काबू कर लिया गया है। महाकुंभ मेले में दो दिन पहले भी आग लगी थी। उस समय महाकुंभ सेक्टर 18 और 19 के बीच कई पंडाल इस आग की वजह से जलकर खाक हो गए थे। उस घटना की वजह शार्ट सर्किट बताई गई थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को काबू कर लिया। बताया जा रहा है कि यह आग कल्पवासियों द्वारा खाली किए गए टैंटों में लगी थी। यह आग काफी बड़ी थी और तेजी से फैल भी रही थी। हालांकि फायर ब्रिगेड ने आग की घेराबंदी कर उसे काबू कर लिया। हालांकि इस घटना में किसी भी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। बता दें कि महाकुंभ में आग की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी मेला क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर कई बार आग लग चुकी है।

### राम भवन में ईशा मिश्रा का किरदार निभाने पर खुशबू राजेंद्र: चुनौतियों का सामना करना जारी रखूंगी



अभिनेत्री खुशबू राजेंद्र को राहुल कुमार तिवारी और रोलिंग टेल्स प्रोडक्शन के नए शो राम भवन में मुख्य भूमिका ईशा मिश्रा के रूप में लिया गया है। यह नाटक सामाजिक मुद्दों पर गहराई से चर्चा करता है, जो महाकाव्य पौराणिक कथा रामायण से समानताएं दर्शाता है। हाल ही में एक बातचीत के दौरान खुशबू राजेंद्र ने ईशा मिश्रा की भूमिका की तैयारी के दौरान अपनी चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने खुलासा किया, मुझे कार चलाना नहीं आता था, और मैंने बीच में ही सीख लिया। यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, लेकिन अब तक सब ठीक है। उम्मीद है कि मैं आगे भी सीखती रहूंगी, और चुनौतियों का सामना करूंगी और टीम के साथ मिलकर उनसे पार पाऊंगी। राम भवन से जुड़कर बेहद उत्साहित, उन्होंने कहा, मैं इस प्रोडक्शन हाउस से जुड़कर बेहद रोमांचित हूं, खासकर राहुल सर। पूरी टीम गर्मजोशी से स्वागत करती है और कहानी कहने में बहुत सावधानी बरतती है। वे शूटिंग शुरू होने से पहले ही बारीक विवरणों, खासकर किरदारों के बीच की गतिशीलता पर ध्यान केंद्रित करते हैं। खुशबू राजेंद्र ने यह भी दावा किया कि राम भवन सिर्फ़ एक पारिवारिक ड्रामा नहीं है। उन्होंने कहा कि यह शो आज के समाज से जुड़े विषयों को दर्शाता है, जिसमें घरों के भीतर सत्ता का संतुलन और आधुनिक रिश्तों की चुनौतियाँ शामिल हैं। अभिनेत्री ने आगे बताया, कहानी आज की दुनिया से गहराई से जुड़ी हुई है। यह वही पुराना ड्रामा नहीं है जो सदियों से दोहराया जाता रहा है। इसके बजाय, यह जटिल, विस्तृत और अच्छी कहानी कहने पर आधारित है। यह शो पौराणिक कथाओं और समकालीन मुद्दों का एक बेहतरीन मिश्रण है।

# छावा ने दूसरे दिन भी की ताबड़तोड़ कमाई 2 ही दिन में सिनेमाघरों में मचाई धूम



14 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली छावा वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होने वाली बिगेस्ट ओपनर बनकर उभरी. फिल्म ने पहले ही दिन ? 33.10 करोड़ का बिजनेस कर गली बॉय का रिकॉर्ड तोड़ दिया. जबरदस्त ओपनिंग करने के बाद विक्की की फिल्म ने दूसरे दिन भी शानदार कमाई की है, जानें फिल्म का दो दिनों का कलेक्शन.

विक्की कौशल की छावा ने पहले दिन ? 33.1 करोड़ रूपये कमाए. वहीं दूसरे दिन के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने कमाई में बढ़त दर्ज करते हुए ? 36.5 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसके साथ ही फिल्म का दो दिनों का कलेक्शन ? 69.6 करोड़ हो गया है. फिल्म ने सिनेमाघरों में ओवरऑल 50.39त्न ऑक्यूपेंसी दर्ज की. सबसे ज्यादा ऑक्यूपेंसी नाइट शोज में दर्ज की गई. छावा, कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड, लवयापा और बैडएस रविकुमार का सामना कर रही है. वहीं सनम तेरी कसम की री रिलीज से भी फिल्म का क्लैश है. इसके बावजूद फिल्म ने दो दिनों में बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है. अगर तीसरे दिन फिल्म का कलेक्शन ? 30 करोड़ से ऊपर से रहा तो फिल्म का वीकेंड कलेक्शन ? 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी.

विक्की कौशल की फिल्म ? 33.1 करोड़ के कलेक्शन के साथ वैलेंटाइन वीक की बिगेस्ट ओपनर बन गई है. इससे पहले यह रिकॉर्ड रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की गली बॉय के नाम था. गली बॉय 2019 में रिलीज हुई थी और इसने ? 19.40 करोड़ की ओपनिंग की थी.

छावा ने साल 2025 की सबसे बड़ी ओपनर बनी है इसने अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की गणतंत्र दिवस पर रिलीज हुई स्काई फोर्स को पीछे छोड़ा है. स्काई फोर्स ने पहले दिन ? 15.30 करोड़ की कमाई के साथ ओपनिंग की थी.

यह फिल्म विक्की कौशल के करियर की सबसे बड़ी ओपनर साबित हुई है इसने उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक की कमाई को पछाड़ते हुए ये कारनामा किया है जिसने ? 8.20 करोड़ की कमाई की थी.

छावा ने कई हिस्टोरिकल पीरियड फिल्मों के ओपनिंग कलेक्शन को भी धूल चटाई है. फिल्म ने पद्मावत (? 24 करोड़), बाजीराव मस्तानी (? 12.80 करोड़), केसरी (? 21.06 करोड़) और तान्हाजी (? 15.10) करोड़ को पीछे छोड़ दिया है.

विक्की कौशल ने अपनी फिल्म बैड न्यूज के नेट लाइफ टाइम को कलेक्शन को 2 दिनों में पछाड़ दिया है. बैड न्यूज 64.51 करोड़ का घरेलू कलेक्शन किया था.

छावा छत्रपति संभाजी महाराज की कहानी है जिन्होंने क्रूर मुगल शासक औरंगजेब से मराठा साम्राज्य की रक्षा की और अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए. फिल्म में विक्की कौशल ने लीड रोल प्ले किया है. उनकी पत्नी के रूप में रश्मिका मंदाना ने महारानी येसूबाई भोंसले का किरदार निभाया है. फिल्म में औरंगजेब का किरदार अक्षय खन्ना ने निभाया है. छावा को लक्ष्मण उटेकर ने निर्देशित किया है और इसे मैडोक फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है. फिल्म 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई है.

### एक्शन-थ्रिलर फिल्म मार्को का तेलुगु डब संस्करण ओटीटी पर होगा रिलीज

हाल ही में उन्नी मुकुंदन अभिनीत फिल्म 'मार्को' बीते 14 फरवरी को यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज कर दी गई थी। लेकिन अब इसका केवल तेलुगु संस्करण ही एक अन्य स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाला है। यह फिल्म एक्शन से भरपूर है। हनीफ अदेनी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का तेलुगु डब वर्जन 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म अहा पर स्ट्रीम होगी।

# एक्सरसाइज की आवृत्ति से जुड़े 4 आम मिथक, जिनकी सच्चाई जानना है बेहद जरूरी



एक्सरसाइज सभी के जीवन का अहम हिस्सा है, लेकिन इसके बारे में कई मिथक भी प्रचलित हैं। इन मिथकों के कारण लोग अक्सर भ्रमित हो जाते हैं और सही दिशा में कदम नहीं उठा पाते।

इस लेख में हम एक्सरसाइज से जुड़े कुछ आम मिथकों को समझेंगे और उनकी सच्चाई जानेंगे।

यह जानकारी सभी के लिए उपयोगी होगी, चाहे आप पुरुष हों या महिला, क्योंकि सही जानकारी ही आपको स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है।

रोजाना एक्सरसाइज करना होता है जरूरी

बहुत से लोग मानते हैं कि रोजाना एक्सरसाइज करना जरूरी होता है, लेकिन यह पूरी तरह सच नहीं है। शरीर को आराम की भी जरूरत होती है, ताकि मांसपेशियां ठीक से विकसित हो सकें और थकान दूर हो सके।

अगर आप इसे नियमित रूप से करते हैं और अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार करते हैं तो हफ्ते में 3 से 4 दिन की एक्सरसाइज भी पर्याप्त होती है।

इससे शरीर को आराम करने का समय मिलता है।

जितना ज्यादा पसीना, उतनी अच्छी कसरत

लोगों का मानना है कि जितना ज्यादा पसीना निकलता है, कसरत उतनी ही अच्छी होती है। हालांकि, यह धारणा गलतफहमी पैदा करती है। पसीना आना केवल शरीर के तापमान को नियंत्रित करने का तरीका है, न कि आपकी मेहनत का मापदंड। हर व्यक्ति की शारीरिक संरचना अलग होती है, इसलिए कुछ लोगों को कम पसीना आता है, जबकि कुछ को ज्यादा। कसरत की गुणवत्ता आपके प्रयास और तकनीक पर निर्भर करती है, न कि पसीने पर।

वजन घटाने के लिए घंटों करनी चाहिए एक्सरसाइज

लोग अक्सर सोचते हैं कि वजन घटाने के लिए घंटों तक जिम में रहना पड़ेगा, लेकिन ऐसा नहीं होता।

30 मिनट का वर्कआउट भी बेहद प्रभावी हो सकता है, अगर आप इसे नियमित रूप से कर रहे हों और साथ ही संतुलित डाइट ले रहे हों।

लंबे समय तक कसरत करने के बजाय छोटे-छोटे अंतरालों में उच्च तीव्रता वाले वर्कआउट अधिक फायदेमंद होते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि ये चयापचय को बढ़ाते हैं और कैलोरी जलाने में मदद करते हैं।

केवल कार्डियो एक्सरसाइज करना होता है पर्याप्त

दौड़ लगाना या साइकिल चलाने जैसी कार्डियो एक्सरसाइज वजन घटाने के लिए अच्छी मानी जाती हैं। हालांकि, केवल इनपर निर्भर रहना सही नहीं होता है।


वेट लिफ्टिंग या बॉडीवेट जैसी ताकत बढ़ाने वाली एक्सरसाइज भी बहुत जरूरी होते हैं, क्योंकि ये मांसपेशियों को मजबूत बनाती हैं और चर्बी जलाने में मदद करती हैं।

एक संतुलित फिटनेस रूटीन में कार्डियो के साथ-साथ स्ट्रेंथ ट्रेनिंग भी शामिल होनी चाहिए, ताकि आपका शरीर पूरी तरह फिट रहे सके।

### बच्चों का स्टैमिना बढ़ाने के लिए फायदेमंद हैं ये सुपरफूड्स, डेली रूटीन में कर सकते हैं शामिल



बच्चों के स्वास्थ्य का देखभाल करना हमारी पहली प्राथमिकता होती है. हर कोई चाहता है कि उनका बच्चा स्वस्थ और ताकतवर हो. इसलिए हर माता-पिता अपने बच्चे को अच्छा खाना खिलाते हैं. हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार बच्चों के लिए उचित पोषण और आहार देना बेहद महत्वपूर्ण होता है. ऐसे में बच्चे को हेल्दी चीजें खिलानी चाहिए. इससे बच्चे की ग्रोथ और स्टैमिना तेजी से बढ़ती है. आइए जानते हैं बच्चों का स्टेमिना बढ़ाने के लिए किन चीजों का सेवन करना चाहिए। पनीर- पनीर प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर होता है. ऐसे में पनीर से बच्चों को मजबूत हड्डियां और मजबूत शक्तियां मिलती हैं. साथ ही मांसपेशियों की सही ग्रोथ भी होती है. आप इसका सेवन किसी भी तरीके से कर सकते हैं. सीड्स- बच्चे का स्टैमिना बढ़ाने के लिए चिया सीड्स, कद्दू के बीज, सफेद तिल आदि का भी सेवन करना बेहद फायदेमंद हो सकता है. इससे शरीर में इम्यूनिटी बढ़ेगी और इंस्टेंट एनर्जी भी मिलेगी. इसके अलावा रोटी या परांठे के आटे में ये बीज भरकर बनाकर खाने से भी स्टैमिना बढ़ाने में मदद मिल सकती है . नट्स-ओमेगा थ्री फैटी एसिड से भरपूर नट्स मस्तिष्क और हृदय के साथ-साथ हड्डियों और दांतों को भी मजबूत करते हैं. ये एलर्जी को रोकते हैं और शरीर को मजबूत बनाने में मदद करते हैं.



### एथनिक लुक में नेहा शर्मा ने इंटरनेट पारा किया गर्म, एक्ट्रेस की कातिल अदाएं देख मंत्रमुग्ध हुए फैंस

बी-टाउन की ग्लैमरस हसीना नेहा शर्मा अपनी फिल्मों से ज्यादा हॉटनेस और बोल्डनेस को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

एक्ट्रेस नेहा शर्मा अपनी फिल्मों से ज्यादा बोल्ड ड्रेसिंग सेंस और फिगर के चलते लोगों के बीच मशहूर रही हैं। उन्होंने अपनी हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

बता दें कि नेहा शर्मा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने रेड कलर का इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो कैमरे सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देते हुए अपना फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

मिनिमल मेकअप, गले में नेकलेस, कानो में इयररिंग्स और खुले बालों को वेवी लुक में स्टाइल कर कर के एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका यह अंदाज फैंस को भी काफी पसंद आ रहा है। नेहा शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही फैंस के बीच बवाल मचाने लगता है।

### बढ़ी हुई दाढ़ी, इंटेंस लुक में दिल टूटे आशिक बने कार्तिक आर्यन

आशिकी और आशिकी 2 की अपार सफलता के बाद दर्शक इस म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म की तीसरी कड़ी आशिकी 3 का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. वहीं पिछले कुछ दिनों से चर्चा थी कि आशिकी 3 के लिए कार्तिक आर्यन को चुना गया है. अब लगता है कि मेकर्स ने इंतजार खत्म कर दिया है लेकिन छोटे से सस्पेंस के साथ. टी सीरीज के भूषण कुमार ने कार्तिक आर्यन स्टारर म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया है लेकिन आशिकी 3 कहीं भी मेंशन नहीं किया. लेकिन टीजर देखकर लोग कह रहे हैं कि यही आशिकी 3 है. कार्तिक आर्यन ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर फर्स्ट लुक शेयर किया, जिसमे कार्तिक काफी इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं. वे गिटार लेकर मंच पर आते हैं और गाना शुरू करते हैं. कार्तिक आर्यन की अपकमिंग म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म का फर्स्ट लुक और रिलीज डेट सामने आ गई है.

### शब्द सामर्थ्य - 330

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 329 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |





# महिलाओं और उम्रदराज मतदाताओं के बूथ तक पहुंचने से सोनहत में मतदान प्रतिशत बढ़ा पंचायत चुनाव में

**कोरिया बैकुंठपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव सभी 90 मतदान केंद्रों में हुआ। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हो गया था हालांकि सुबह 9 बजे तक मतदान धीमी रहा लेकिन 11 बजे बाद मतदान प्रतिशत में इजाफा देखने को मिली। सुबह 9 बजे जहाँ 5.24 प्रतिशत मतदान हुआ था वहीं 11 बजे 26.5 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद मतदान का प्रतिशत दोपहर 3 बजे पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 68 प्रतिशत रहा जबकि महिला मतदाताओं का 63 प्रतिशत रही।

**पहले चरण का अनन्तिम प्रतिशत 65.5 प्रतिशत**

इस तरह पहले चरण के त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत सोनहत विकासखण्ड के 42 ग्राम पंचायत के 90 मतदान केंद्रों में मतदान का अनन्तिम प्रतिशत 65.5 रहा। हालांकि मतदान प्रतिशत बढ़ने की सम्भवना है क्योंकि अभी भी कई मतदान केंद्रों में मतदाता कतार में लगे हुए हैं।

**कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने मतदान की स्थिति व व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, सोनहत विकासखण्ड के दूरस्थ मतदान केंद्र सिंघोर, रामगढ़, उज्ञाव, अमृतपुर सहित अनेक मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान की स्थिति व व्यवस्था का जायजा ली।

वहीं सामान्य पर्यवेक्षक श्रीमती यामिनी पांडेय गुप्ता भी मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान अधिकारियों व मतदाताओं से मतदान के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। इसी तरह जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी भी विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लेते हुए सम्बंधित मतदान दलों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**कुल 90 मतदान केन्द्रों में चल रहा मतदान**

बता दें सोनहत विकासखण्ड में महिला मतदाताओं की संख्या 18 हजार 915, पुरुष मतदाता 18 हजार 552 जबकि तृतीय लिंग मतदाता की संख्या एक है। इस तरह कुल मतदाताओं की संख्या 37 हजार 468 है। 42 ग्राम पंचायतों अकलासई, अमृतपुर, आनंदपुर, बंशीपुर, बसेर, बसवाही, बेलिया, भैसवार, बोड़ार, चकडांड, चंदहा, दामुज, दसेर, घूघरा, कछार, कछाड़ी, कचोहर, कैलासपुर, कटगोड़ी, कैशगवां, किशोरी, कुशहा, लटमा, मधौरा, मधला, मझरटोला, मेंड्रा, नटवाही, नौगई, नावाटोला, ओदारी, पोंडी, पुसला, रजौली, रामगढ़, रावतसरई, सालगवां कला, सिंघोर, सोनहत, सुंदरपुर, तंजरा तथा उज्ञाव में 90 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।



**मोरो फोटो खींच न दाऊ**

ग्राम पोड़ी निवासी रंग बहादुर ठाकुर अपनी बुजुर्गियत से युवाओं के लिए प्रेरणा बनते हुए हाथों में लाठी लेकर मतदान करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा यह अवसर पांच साल में एक बार आता है इसे भला क्यो छोड़े और हंसते हुए बहादुर ठाकुर ने कहा मोरो फोटो खीच न दाऊ।

**पैर में दर्द, लेकिन मतदान करने पहुंची**

करीब 65 वर्षीय फुलकुंवर ने बताया कि उनके पैरों में दर्द है। इसके बावजूद मतदान करने पहुंची है। क्योंकि पहले मतदान फिर बाकी अन्य काम। इसी तरह ग्राम कटगोड़ी मतदान केन्द्र पहुंची कंचन बाई, श्यामा बाई, हेमलता ने कहा यह मतदान उनका अधिकार है। इसलिये अन्य काम को छोड़कर मतदान करने वे पहुंची है।

**व्हील चेयर के सहारे लोकतंत्र को मजबूत करने निकले अनिल राजवाड़ें**

लोकतंत्र के इस महापर्व को मजबूत करने व्हील चेयर पर पहुंचे अनिल राजवाड़े की इक्छा शक्ति और उनकी दृढ़ संकल्प अन्य के लिए प्रेरणा बनी।

इस तरह मतदान केंद्रों में बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला एवं युवाओं मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान करने बडी संख्या में पहुंचे थे।

**पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के लिए हुए मतदान**

477 वार्ड पंचों के लिए 650 उम्मीदवार हैं जबकि 42 सरपंच पदों के लिए 198 और 10 जनपद सदस्यों के लिए 60 तथा दो जिला पंचायत सदस्यों के लिए 8 उम्मीदवार मैदान में हैं।

बता दें त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन का मतदान मतपत्र के माध्यम से हुआ है, मतदाताओं ने पंच, सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान किये हैं। रिटर्निंग अधिकारी उमेश कुशवाहा ने बताया कि दोपहर 3 बजे तक यह अनन्तिम आंकड़ा है, अंतिम आंकड़ा शाम 6-7 बजे तक मिलने की संभावना है। शांतिपूर्वक निर्वाचन के लिए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी।

## लोकतंत्र के पर्व पर भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने किया मतदान,दिया सुशासन के मजबूती का संदेश




**कोरिया बैकुंठपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण मतदान दिवस 17 फरवरी को कोरिया जिले अंतर्गत सोनहत विकासखंड में दो जिला पंचायत क्षेत्र व 42 ग्राम पंचायत सहित 10 जनपद पंचायत क्षेत्र हेतु चुनाव सम्पन्न कराया जा रहा है । जिस लोकतंत्र के पर्व अवसर पर कोरिया जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी अपने गृह ग्राम घुघरा पहुंचे और मतदान किया । मतदान दिवस पर जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा की प्रिय मतदाता बंधुओं व बहनों आपका एक एक वोट आपके उज्ज्वल भविष्य के साथ राष्ट्र की उन्नति और जनकल्याण के कार्यों के लिए बड़ी भूमिका दर्ज करता है। आपका एक वोट देश प्रदेश व जन जन के बीच मजबूत लोकतंत्र को स्थापित करता है।साथ ही राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता की रक्षक सशक्त नेतृत्व की नींव को मजबूती प्रदान करता है । श्री तिवारी ने कोरिया जिले के समस्त मतदाताओं से आगामी आयोजित होने वाले चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया और कुशासन व भ्रष्टाचार सहित अराजकता के खिलाफ लामबंद होकर अपने मतदान के माध्यम से सुशासन की सरकार को स्थापित करने का अपील किया।

## शासकीय उचित मूल्य दुकान में सिलसिलेवार चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना प्रभारियों को चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। थाना रामानुजनगर क्षेत्र के शासकीय उचित मूल्य दुकान को निशाना बनाकर सिलसिलेवार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों तथा चोरी का माल खरीदने वाले कुल 5 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 2 लाख 51 हजार 900 रूपये की सम्पत्ति जप्त किया है।

ग्राम पस्ता निवासी भुजेश प्रजापति ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान पस्ता का ताला तोड़कर अज्ञात चोर के द्वारा 60 बोरी चावल चोरी कर ले गया है। दूसरे मामले में ग्राम दुर्गापुर निवासी रामजीत मरकाम ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव के शासकीय उचित मूल्य दुकान का चैनल गेट तोड़कर 64 बोरी चावल, 4 क्विंटल शक्कर चोरी कर ले गए। दोनों मामले की रिपोर्ट पर 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना रामानुजनगर पुलिस इन दोनों मामलों की विवेचना में लगी थी इसी बीच सूचना मिला कि ग्राम परशुरामपुर के सोसायटी में चोरी हुआ है पुलिस मौके के लिए रवाना हुई तब रास्ते में ग्राम कोट में एक छोटा हाथी पंचर हालत में सड़क किनारे चावल बोरी लोड़ हालत में मिला। आसपास के लोगों से पूछताछ पर जानकारी मिला कि इस वाहन से ड्राईवर सहित 3 लोग भागे है, पुलिस के द्वारा वाहन एवं चावल को थाना लाया गया। परशुरामपुर सोसायटी से 26 क्विंटल चावल चोरी होने की रिपोर्ट मुनफत खान ने रिपोर्ट दर्ज कराया। चावल लोड़ छोटा हाथी के वाहन स्वामी से ड्राईवर के बारे में पूछताछ करने पर राज सिंह उर्फ छोटू को गाड़ी चलाना बताया जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर राज उर्फ छोटू को पकड़ा। पूछताछ पर इसने बताया कि अपने साथी मोहित सिंह, मनबहादूर बसोर, कमलभान सोनवानी व 1 अन्य के साथ मिलकर ग्राम पस्ता, दुर्गापुर एवं परशुरामपुर के उचित मूल्य दुकान से खाद्यान सामग्री चोरी करना और चोरी का माल सूरजपुर के चिटकाहीपारा मानपुर के विमलेश साहू को बिक्री करना बताया।



पुलिस टीम ने दबिश देकर मोहित, मनबहादूर बसोर, कमलभान व विमलेश साहू को पकड़ा गया जिन्होंने अपना जुर्म कबूल किया। मामले में पुलिस के द्वारा 26 क्विंटल चावल कीमत करीब 40 हजार रूपये, नगदी 11900 रूपये, एक लोहे का सब्बल, परिवहन में प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 29 एसी 4366 कीमत करीब 2 लाख कुल 2 लाख 51 हजार 900 रूपये का जप्त कर आरोपी 1. राज सिंह उर्फ छोटू पिता जवाहीर सिंह उम्र 26 वर्ष ग्राम पोड़ी सुरता, हाल मुकाम तुरियापारा मानपुर सूरजपुर 2. मोहित सिंह राजपूत पिता बब्बू उम्र 19 वर्ष निवासी तुरियापारा मानपुर सूरजपुर 3. मनबहादूर बसोर पिता करन बहादूर निवासी तुरियापारा मानपुर, 4. कमलभान सोनवानी पिता सोनू उम्र 26 वर्ष निवासी शिवप्रसादनगर, चौकी बसदेई 5. विमलेश साहू पिता बृजलाल साहू उम्र 32 वर्ष निवासी चिटकाहीपारा मानपुर, थाना सूरजपुर को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू, एएसआई मनोज पोर्ते, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, आरक्षक कौशलेन्द्र सिंह, देवान सिंह, सुधारन गिद्ध व दीपक यादव सक्रिय रहे।

## राजधानी में 10 युवा कांग्रेसी नेता गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर के जयस्तंभ चौक तथा सुंदर नगर चौक में आतिशबाजी कर जनमदिन मनाना यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप उर्फ भक्कू को भारी पड़ गया। मामले में पुलिस ने भक्कू सहित 10 कांग्रेसी नेताओं को गिरफ़्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक पहले ये लोग जयस्तंभ चौक पर केक काट रहे थे, जहां से पुरानी बस्ती सीएसपी अमन झा ने उन्हें चेतावनी देकर भगाया। इसके बाद यूथ कांग्रेस के नेता अपने समर्थकों के साथ सुंदर नगर चौक पर चले गए। यहां से एसएसपी लाल उमेद ने जिला अध्यक्ष समेत 10 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। बता दें कि रविवार रात 12 बजे जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप समेत 10 कांग्रेस कार्यकर्ता सुंदर नगर चौक बीच सड़क आतिशबाजी कर केक काट रहे थे। इस दौरान आसपास के लोगों ने डायल 112 को कॉल कर मामले की शिकायत की, लेकिन वहां डायल 112 की टीम नहीं पहुंची। इस दौरान एसएसपी लाल उमेद गश्त पर निकले थे। उन्होंने आतिशबाजी और शोर-शराबे को देखकर तत्काल अपनी गाड़ी रोकी। जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप समेत सभी से पूछताछ की। सभी आरोपियों को फटकार लगाई। साथ ही सभी को मौके से अरेस्ट किया। वायरल वीडियो में दिख रह है कि कांग्रेसी एक बड़ा सा केक लेकर बीच सड़क पर काट रहे हैं। साथ ही जमकर आतिशबाजी कर रहे हैं। उनके साथ मौजूद अन्य लोग शोर-शराबा भी कर रहे हैं। इस दौरान सड़क से आने-जाने वालों को परेशानी हुई।

## फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाला कंप्यूटर सेंटर का संचालक गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना के अपराध क्रमांक-113/2025 भारतीय न्याय संहिता 2023 अधिनियम की धारा 318(4), 338, 340, 111 भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय पासपोर्ट अधिनियम 1967 की धारा 12(बी) में गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद स्माईल, शेख साजन, शेख अकबर से पूछताछ की गई जिसमें आरोपियों द्वारा बताये की उनके द्वारा पासपोर्ट वीजा, जन्मतिथि बनाने प्रमाण पत्र के लिए फर्जी मार्कशीट बनाने हेतु सत्कार कम्प्यूटर सेंटर कचहरी चौक के संचालक मोहम्मद आरिफ से संपर्क कर फर्जी दस्तावेज तैयार करवाये है की जानकारी होते ही घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। प्रकरण को उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह द्वारा गंभीरता से लिया गया और आरोपियों के बताये हुए जानकारी की तत्काल तस्दीकी कर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मित्तल एण्टी क्राईम एवं सायबर सेल, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानीबस्ती राजेश देवांगन, के निर्देशन में थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक विनय सिंह बघेल द्वारा थाना एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर सेल व एटीएस का संयुक्त टीम तैयार कर प्राप्त जानकारी के तस्दीकी हेतु रवाना किया गया।

## मंत्रालय कैडर के एक दर्जन अधिकारियों का तबादला

**रायपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग ने मंत्रालय कैडर के एक दर्जन अनुभाग अधिकारियों अधिकारियों के तबादला आदेश जाती किया है। साथ ही 17 सहायक अनुभाग अधिकारियों का भी तबादला किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के द्वारा आयोजित दिव्यांगजन सामूहिक विवाह समारोह में 31 दिव्यांग जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों के सुखी वैवाहिक जीवन की मंगलकामना करते हुए कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता और दिव्यांगजनों के उत्थान का उत्कृष्ट उदाहरण है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। यह आयोजन भी देवतुल्य दिव्यांगजनों की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने परिषद द्वारा विगत अनेक वर्षों से इस आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करने की सराहना की और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाली पहल बताया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिव्यांगजनों के सामूहिक विवाह आयोजन को समाज में समावेशिता और समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि यह सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है।

## सूने मकान से सामान पार किया, दो चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर के आवासीय कॉलोनियों एवं सूने मकानों में चोरी की घटनाओं को पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा गम्भीरता से लेते हुए चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डी.आर.पोर्ते एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल के नेतृत्व में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा चोरी के घटना स्थलों का निरीक्षण कर प्रार्थियों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों की पतासाजी हेतु रात्रि में गश्त करने के साथ-साथ सभी घटनास्थलों के सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही आरोपियों की पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये।अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के संबंध में तकनीकी विश्लेषण करने के साथ ही हाल ही में जेल से रिहा हुये चोरी के आरोपियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र की जा रहीं थी। चोरी के पुराने आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्र कर उनकी गतिविधियों पर निगाह रखकर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे।

इसी दौरान शातिर नकबजन डी.डी.नगर रायपुर निवासी रितिक वर्मा, जो पूर्व में चोरी/नकबजनी के कई मामलों में जेल निरूद्ध रह चुका है, की तस्दीक करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि वह विगत कुछ दिनों से अपने पास बहुत अधिक मात्रा में नगदी रकम रखता है तथा खर्च करता है। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा उस पर लगातार नजर रखने पर उसकी गतिविधियां संदिग्ध पायी गयी, इसके साथ ही टीम के सदस्यों द्वारा उसके संबंध में जानकारियां जुटाने पर यह ज्ञात हुआ कि जहां ङ्क जहां चोरी की घटना घटित हुई थी, उन घटना स्थलों के आसपास रितिक वर्मा उपस्थित रहता था, कि रितिक वर्मा पर फोकस करते हुये घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने पर रितिक वर्मा को एक अन्य व्यक्ति के साथ देखा गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा रितिक वर्मा की पतासाजी कर उसे पकड़ा गया।

चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ करने पर रितिक वर्मा द्वारा किसी भी प्रकार से किसी अपराध में अपनी संलिप्तता नहीं होना बताकर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था, कि प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी रितिक वर्मा द्वारा अपने साथी डंगनिया डी.डी.नगर निवासी मयंक सोनी के साथ मिलकर थाना न्यू राजेन्द्र नगर, टिकरापारा एवं पुरानी बस्ती क्षेत्र के अलग ङ्क अलग स्थानों में स्थित कुल 07 सूने मकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर प्रकरण में संलिप्त आरोपी मयंक सोनी की पतासाजी कर उसे भी पकड़ा गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की सोने के जेवरात 33 ग्राम, चांदी के जेवरात 329 ग्राम तथा 01 नग पल्सर मोटर सायकल जुमला कीमती लगभग 5,50,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। आरोपियों द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने हेतु थाना पुरानी बस्ती क्षेत्र से एक पल्सर मोटर सायकल चोरी किया गया था। जिसमें घुम-घुम कर आरोपियों द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। आरोपियों द्वारा प्रत्येक बार चोरी के बाद सोने एवं चांदी के जेवरातों को महादेव ज्वेलर्स के संचालक अशोक कुमार सोनी को बहुत ही कम दामों में बिक्री करना बताया गया।

## सीटी सर्वे अम्बिकापुर हेतु नक्शा प्रोजेक्ट का शुभारंभ

**अम्बिकापुर।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग द्वारा राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान आधारित शहरी आवासों के भूमि सर्वेक्षण नक्शा के पायलट प्रोजेक्ट के तहत अम्बिकापुर को शामिल किया गया है। इसी कड़ी में सीटी सर्वे अम्बिकापुर हेतु नक्शा प्रोजेक्ट का शुभारंभ 18 फरवरी 2025 को सुबह 11:00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष अम्बिकापुर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद चिंतामणी महराज उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबोध मिंज,विधायक लुंण्ड्रा, रामकुमार टोप्पो, विधायक सीतापुर, श्रीमती मंजूषा भगत, महापौर, नगर पालिक निगम अम्बिकापुर और विश्व विजय सिंह तोमर, अध्यक्ष, राज्य युवा आयोग छत्तीसगढ़ उपस्थित रहेंगे। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में भूमि संसाधनों के सटीक मानचित्रण और प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से अम्बिकापुर के शहरी आवासों और भूमि उपयोग का डिजिटल नक्शा तैयार किया जाएगा, जिससे आमजनों के लिए भविष्य में शहरी विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

## नगर निगम भिलाई एवं रिसाली के कुछ क्षेत्रों में 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में शटडाउन के कारण जलापूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र के नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित उच्च स्तरीय जलागार को भरने वाली राईजिंग पाईप लाईन यातायात पुलिस थाना नेहरू नगर के पीछे लिकेज हो गया है।

जिसके संधारण हेतु 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र में शट्डाउन की आवश्यकता है। पाईप लाईन लिकेज का संधारण कार्य 19.02.2025 को सुबह 9:30 बजे से किया जाएगा। जिससे दिनांक 19.02.2025 को शाम की पाली में फरीद नगर एवं स्मृति नगर तथा दिनांक 20.02.2025 एवं 21.02.2025 को नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीद नगर, स्लाटर हाउस, खम्हरिया एवं नगर निगम रिसाली के रूआबांधा, नेवई, मरोदा, रिसाली उच्च स्तरीय जलागारों में जलप्रदाय पूर्णतः बाधित रहेगी। लीकेज संधारण का कार्य पूर्ण होने पर पूर्व की भांति पेयजल आपूर्ति चालू कर दी जायेगी।

# महापौर के नतीजे के बाद सभापति पद को लेकर रेस में कई नाम, संगठन करेगा निर्णय

## अशोक, हितानंद, चंद्रलोक के अलावा और भी सक्रिय

**कोरबा।** पूरे 10 साल के बाद नगर पालिक निगम कोरबा में भाजपा की वापसी हुई है। संजू देवी राजपूत को इस बार महापौर पद पर जीत मिली। जबकि 45 पार्षद भाजपा के चुने गए हैं। 11 निर्दलियों में से 6 भाजपा विचारधारा से वास्ता रखते हैं। बहुमत के आंकड़े को पार करने के बाद अब मशक्कत इस बात को लेकर हो रही है कि सभापति कौन होगा? कई नाम इस पद के लिए रेस में बने हुए हैं लेकिन अंतिम निर्णय भाजपा संगठन ही करेगा।

नगर निगम कोरबा का महापौर पद सामान्य महिला के लिए रिजर्व किया गया था। संगठन ने रोस्टर के हिसाब से चुनाव में प्रत्याशी को उतारा और उसने रिकार्ड अंतर से जीत दर्ज की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के कामकाज के अलावा चुनाव के दौरान जारी किये गए अटल संकल्प पत्र ने मतदाताओं के बीच लहर पैदा करने का काम किया। भले ही निगम क्षेत्र में 61.4



प्रतिशत मतदान हुआ लेकिन इस पर भी महापौर समेत 45 वार्ड से भाजपा के पार्षद चुनकर आए। वहीं कई निर्दलीय भी भाजपा खेमे के हैं और उनकी वापसी तय मानी जा रही है। महापौर के शपथ ग्रहण के बाद सभापति चुना जाना है। अटकलें इस बात को लेकर है कि साकेत की कार्यवाही की संचालन के लिए सभापति कौन होगा? खबर के मुताबिक पूर्व सभापति और इस बार आरपी नगर से निर्वाचित वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, बालको नगर क्षेत्र से तीसरी बार निर्वाचित हितानंद अग्रवाल और तीसरी बार सीएसईबी वार्ड से निर्वाचित चंद्रलोक सिंह के नाम रेस में बने हुए हैं और इसे व्यवहारिक कारणों से स्वाभाविक बताया जा रहा है। जनता के बीच अलग छवि और संगठन में पकड़ होने व निर्विवाद तरीके से काम करने को प्रमुख आधार माना जा रहा है। इनके अलावा और भी नाम बताए जा रहे हैं लेकिन संभावना क्षीण नजर आती है। सूत्रों ने बताया कि सभापति को लेकर संबंधित लोगों ने अपनी ओर से कोई दावे नहीं किये हैं। उनका कहना है कि संगठन अपनी नीति से कोरबा के लिए सभापति का चयन करेगा।

### सदन के चलाने की होती है जिम्मेदारी

नगरीय निकायों में प्रमुख पद महापौर का होता है लेकिन साधारण सभा और अन्य मामलों में जब कार्यवाही होती है तो संचालन की जिम्मेदारी मूल रूप से सभापति की होती है। नियम-कानून की जानकारी रखने के साथ रणनीतिक स्तर पर भी उसे देखना होता है कि कार्यवाही को किस दिशा में ले जाना है। समन्वय बनाने और पारदर्शी व्यवस्था को स्थापित करते हुए कामकाज संपन्न हो एवं किसी प्रकार से विवाद की स्थिति निर्मित न होने पाए, यह भी उसका दायित्व होता है। इसलिए निकायों में इसके लिए काफी सोच-समझकर निर्णय लिए जाते हैं।

### इन्होंने संभाला दायित्व

नगर निगम कोरबा के गठन के बाद रामनारायण सोनी, अशोक चावलानी, संतोष राठौर, धुरपाल सिंह कंवर और श्यामसुंदर सोनी सभापति पद पर रह चुके हैं। अब छठवां सभापति चुना जाना है।

## प्रदूषण का मुद्दा उठेगा आईआर बैठक में

**कोरबा।** गेवरा व दीपका के कोयला कामगार उड़ रहे धूल से परेशान हैं। अईआर बैठक में इस मामले को कई बार उठाया गया था। कालोनी में टैंकर से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इसके बावजूद भी धूल कालोनी में घुस रहे हैं। बीकेकेएमएस की आईआर बैठक मुख्यालय में आयोजित की गई है। इस बैठक में क्षेत्र की कई समस्याओं को रखा जाएगा। खासकर यात्रा पर जाने वाले कोयला कामगार काफी परेशान होते हैं। ज्यादा भत्ता के लिए नियमों को सरल बनाए जाने की माग करेंगे। इस बैठक में मदन सिंह, प्रीतम राठौर, रमेश गुरुद्वान, अश्वनी मिश्रा भी शामिल होंगे। कुसमुंडा व कोरबा क्षेत्र के कामगार भी इस बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने भी आईआर बैठके में कई मुद्दे रखेंगे। कुसमुंडा क्षेत्र से हिरेंद्र चंद्रा, अमिया मिश्रा, कोरबा से रंजय सिंह, अशोक सूर्यवंशी सहित अन्य सदस्य शामिल होंगे।

## नौ कुंडीय यज्ञ की तैयारी शुरू

**कोरबा।** सिद्धाश्रम साधक परिवार के द्वारा रतनपुर के फुलपारा व गढ़वाट में अलग-अलग निखिल नौ कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। साधक परिवार से एवन कश्यप, घनश्याम पटेल व दिलीप कश्यप ने बताया कि फुलपारा में भजन के साथ-साथ हवन का भी कार्यक्रम होगा। जबकि गढ़वाट में सुबह शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली जाएगी। इसके बाद गुरु पूजन व हवन का कार्यक्रम होगा। इन दोनों यज्ञ में तीन जिलों के साधक शामिल होते हैं।

## बेनतीजा रहा आईआर बैठक

**कोरबा।** एसकेएमएस की आईआर बैठक ढेलवाडीह में आयोजित की गई। इस बैठक में कोई नतीजा नहीं निकल पाया क्योंकि अधिकारी का स्थानांतरण हो गया है। सिंघाली, ढेलवाडीह, बगदेवा के पदाधिकारी इस बैठक में शामिल जरूर हुए लेकिन वे वापस लौट गए। अब वे अगली बैठक का इंतजार कर रहे हैं। इनका कहना है कि कोयला कामगारों की समस्याओं को प्रबंधन के सामने रखा जाना था। एसकेएमएस के कार्यकर्ता पूरी तैयारी के साथ आए हुए थे।

## मंत्री लखन देवांगन कल रहेंगे पौंसरा में

**कोरबा।** प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन कल पौंसरा व तेलसरा क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस क्षेत्र में पंचायत चुनाव नहीं हुए हैं। जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र वाले गांव में जाकर ग्रामीणों को संबोधित करेंगे। पौंसरा जाते समय बांकीमोंगरा मंडल के अध्यक्ष उदय शर्मा, हनुमान पांडेय, मुकुल कर्ष, विकास झा, लखन राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। जबकि आज भिलाईबाजार मंडल में वरिष्ठ भाजपा नेता ज्योतिनंद दुबे छिंदपुर, मौहाडीह सहित कई गांवों में बैठक ले रहे हैं। यह जानकारी मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर ने दी है। हरदीबाजार मंडल के प्रतिनिधि हरीश थरवानी ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र 6 नंबर के लिए भाजपा लगातार मेहनत कर रहे हैं।

## आभार रैली आज

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष पद पर सोनी कुमारी झा की जीत पर कल घुड़देवा बांकी क्षेत्र में आभार रैली निकाली गई थी। जबकि आज गेवरा बस्ती मनगांव क्षेत्र में आभार रैली की तैयारी की जा रही है। भाजपा कार्यकर्ता आभार रैली की तैयारी में लगे हुए हैं।

## कुछ इलाकों में अभी से जलसंकट

**कोरबा।** विकासखंड कटघोरा और पोड़ी उपरोड़ा के कई इलाकों में फरवरी के दूसरे पखवाड़े से ही जलसंकट की स्थिति बनती दिखाई दे रही है। पहले से यहां पर इस तरह की समस्याएं बनी हुई है और लोग निराकरण को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। प्रशासन की ओर से आश्वासन देने के बाद काम नहीं किया गया इसलिए एक बार फिर हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं। लोग चाहते हैं कि समाधान के लिए काम हो।

# 19 की उम्र में शराब, पिता ने लगाई फटकार तो पुत्र ने खुद को लटकाया फंदे पर

**कोरबा।** जिले के उरगा थाना क्षेत्र के पकरिया गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां 19 वर्षीय युवक विकास पटेल ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना उस समय हुई जब परिजनों ने शराब पीने पर उसकी डांट-फटकार की थी।

सोमवार को पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए गांव में वोटिंग हो रही थी। इसी दौरान विकास ने अपने परिजनों से नए कपड़े खरीदने के लिए 2000 की मांग की। परिजनों ने उसे यह राशि दे दी, लेकिन कुछ घंटे बाद जब वे मतदान कर घर लौटे तो पाया कि विकास ने कपड़े नहीं खरीदे थे, बल्कि शराब पीकर घर आया था।

परिजनों को उसकी यह हालत देखकर गंभीर चिंता हुई और उन्होंने उसे फटकार लगाई। पिता साधराम पटेल ने उसे समझाने की कोशिश की कि इतनी कम उम्र में यदि वह इस तरह नशे का आदी हो जाएगा, तो भविष्य में उसका जीवन प्रभावित हो सकता है। इस नाराजगी के बाद पिता गांव में पंचायत चुनाव की काउंटिंग देखने चले गए। कुछ समय बाद, जब घर के अन्य सदस्य भी अपने काम में व्यस्त थे, विकास ने अपने कमरे में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों को इस घटना की जानकारी मिली,



तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

### नशे के प्रवृत्ति से बढ़ रहा है मानसिक तनाव

इस घटना ने एक बार फिर से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और मानसिक तनाव को उजागर किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि युवाओं को सही मार्गदर्शन और परामर्श की आवश्यकता है, ताकि वे इस प्रकार के आत्मघाती कदम न उठाएं। इसके साथ ही, परिवारों को भी बच्चों से संवाद स्थापित करने और उनकी मानसिक स्थिति को समझने की जरूरत है।

### जागरूकता पर करना होगा काम

मनोचिकित्सक डॉ. नीलिमा महापात्रा का कहना है कि युवाओं में नशे की बढ़ती समस्या को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। परिवारों को अपने बच्चों के साथ खुलकर संवाद करना चाहिए, ताकि वे अपनी समस्याओं को साझा कर सकें।यदि कोई व्यक्ति मानसिक तनाव से गुजर रहा हो, तो उसे काउंसलिंग और सही मार्गदर्शन देना जरूरी है।

## महाशिवरात्रि को खास बनाएगा घनिष्ठा नक्षत्र

**कोरबा।** नगर पंचायत पाली में महाशिवरात्रि का मेला 26 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित किया गया है। विगत कई दशक से महाशिवरात्रि पर्व पर मेले का आयोजन होते आ रहा है. पर्व की मध्य रात्रि से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक करने उमड़ने लगती है, यह क्रम अगले दिन तक देर शाम तक अनवरत चलता है. मेले के आयोजन के दौरान भी प्रतिदिन श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। यह क्रम अगले दिन तक देर शाम तक अनवरत चलता है. मेले के आयोजन के दौरान भी प्रतिदिन श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं और मेले में खरीददारी करते हैं। नगरी निकाय और पंचायत चुनाव के मद्देनज़र प्रशासन और नगरी प्रशासन व्यस्त है जिसके कारण अब तक मेले की तैयारी शुरू नहीं हो पाई है। नगरी निकाय के चुनाव संपन्न हो चुके हैं ,इसके बाद नगर पंचायत महाशिवरात्रि मेले के आयोजन की तैयारी में जुट जाएंगे। यहां पर क्षेत्र के कलाकार अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति भी देंगे।

# सुपरवाइजर ने नमस्कार नहीं किया तो कर्मियों ने पीटा



**कोरबा।** कार्य स्थल पर एक-दूसरे से सद्भावना की अपेक्षा रखना स्वाभाविक है। इसके ठीक उल्टे बालकोनगर थाना क्षेत्र के लालघाट में सरकारी देशी शराब दुकान के सुपरवाइजर से कर्मियों ने सिर्फ इसलिए मारपीट कर दी कि उसने उन्हें नमस्कार नहीं किया। घटना में पीड़ित को चोटें आई है। बालकोनगर थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कोरबा में बालको थानांतर्गत मारपीट की एक घटना सामने आई है। लालघाट देशी शराब दुकान के सुपरवाईजर के साथ प्लेसमेंट एजेंसी ऑल सर्विस ग्लोबल प्रा.लि.कोरबा के करीब पांच कर्मचारियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित का नाम कमलेश गुप्ता है,जो तुलसी नगर का निवासी है। बातचीत के दौरान कमलेश ने बताया,कि जब वह शराब दुकान के भीतर घुसा तब कर्मचारियों ने अकड़ दिखाने की बात कहते हुए गोदाम के भीतर ले गए और लात घूसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी,उसके बाद जमीन पर लेटाकर जुतों से भी उसके साथ मारपीट की। सरेआम हो रही मारपीट की घटना मौके पर मौजूद लोग और कुछ कर्मचारियों ने भी देखा है। इस घटना के बाद सभी शराब दुकान के कर्मचारी एकजुट हो गए हैं और कंपनी के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत करने का मन बनाया है। पीड़ित ने बालको थाना में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। अपराध कायम कर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। वहीं आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया,कि मामले की जानकारी उन्हें मिली है,जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डिग्री पूछी और फिर विवाद किया

कमलेश ने बताया कि कर्मियों ने उससे पूछा कि पढ़ाई कहां तक हुई है, जिस पर उसने एम.कॉम तक शिक्षित होने की जानकारी दी। कर्मियों ने बताया कि वे भी बी.कॉम पास हैं लेकिन तब भी चाहते हैं कि सुपरवाइजर उन्हें नमस्कार करे। यहां से बात आगे बढ़ी और फिर अकड़ का जिक्र हुआ। इसे लेकर मारपीट हुई।

# कोयला की क्वालिटी को लेकर भिड़े दो पक्ष, तनाव कायम



**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड दीपका माइंस में डीओ होल्डर्स के दो गुटों में पिछली शाम मारपीट हुई। कोयला की क्वालिटी का अच्छा न होना विवाद की वजह बना। किसी ने भी मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज नहीं कराई है। खबर के मुताबिक इसी स्थान पर काम करने को लेकर उन्होंने आपस में सटलमेंट कर लिया।

एसईसीएल दीपका क्षेत्र की दीपका माइंस से व्यवसायिक और घरेलू उपभोक्ताओं को कोयला देने की व्यवस्था की गई है। कई पार्टियों ने इसके लिए अपना पंजीयन कराया है। डीओ लगाने पर उन्हें यहां से कोयला उपलब्ध कराया जाता है। खबर के अनुसार एक पार्टी के द्वारा इस बात को लेकर विवाद किया गया कि घटिया स्तर का कोयला दिया जा रहा है। दूसरे ने हस्तक्षेप किया और खुद को सही ठहराने की कोशिश की। विवाद बढ़ने पर मारपीट की नौबत आ गई। लाला नामक व्यक्ति को सामान्य चोट आई। कोई और इस लायक नहीं था कि इस आधार पर मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई जा सके। इसलिए यह घटनाक्रम खदान से बाहर नहीं जा सका। बताया गया कि इससे पहले भी इस प्रकार की घटनाएं खदान क्षेत्र में होती रही है। कोल कारोबारी वर्चस्व कायम रखने और दूसरी वजह से भी पुलिस के पचड़े में नहीं पड़ना चाहते।

# उपाध्यक्ष पद की जोड़तोड़ में लगे कांग्रेसी पार्षद

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में 13 कांग्रेस पार्षद चुनाव जीतकर आए हैं। ये पार्षद उपाध्यक्ष पद को लेकर खेमेबाजी में बंटते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक बैठक बांकीमोंगरा क्षेत्र में रखी गई थी जिसमें पार्षदों का कहना है कि बांकी क्षेत्र का पार्षद ही उपाध्यक्ष होना चाहिए। जबकि दूसरी ओर कुसमुंडा गेवरा बस्ती क्षेत्र के पार्षद चाहते हैं कि अध्यक्ष का पद भाजपा को जरूर मिला है लेकिन वह व्यक्ति बांकी में रहने वाला है इसलिए उपाध्यक्ष के पद पर कुसमुंडा गेवरा क्षेत्र का हक बनता है। आज अन्य पार्षदों की बैठक भी अलग से रखी गई है। इस संबंध में बांकीमोंगरा कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष टिकाराम मनहर का कहना है कि जिला कांग्रेस कमेटी का कोई भी आदेश अभी तक नहीं पहुंचा है। आदेश के आने के बाद ही कांग्रेस पार्षदों की बैठक ली जाएगी। नगर पालिका परिषद में कुल 30 वार्ड हैं। इसमें से 13 कांग्रेस, 10 भाजपा, 6 निर्दलीय व एक बसपा प्रत्याशी की जीत हुई है। इधर भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस में लगातार हो रहे बैठक को देख रहे हैं। इनका कहना है कि भाजपा बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के प्रभारी दिनेश सिंह हैं। सबसे पहले नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद पर जीत हासिल करने वाली सोनी कुमारी झा का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

# बौर की अधिकता, अच्छी पैदावार की उम्मीद

**कोरबा।** आम का पेड़ एक सदाबहार वृक्ष है, जो अपनी घनी हरी पत्तियों और रसीले फलों के लिए प्रसिद्ध है। जब आम के पेड़ पर बौर (फूल और छोटे फल) लगते हैं, तो इसका दृश्य अत्यंत मनमोहक होता है। बौर आने की प्रक्रिया आमतौर पर वसंत ऋतु में होती है, जब पेड़ पर छोटे-छोटे हरे आम विकसित होने लगते हैं। बौर से लदे आम के पेड़ न सिर्फ कृषि बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होते हैं। ये पक्षियों और कीटों को आकर्षित करते हैं, जिससे जैव विविधता बनी रहती है। भारतीय संस्कृति में भी आम के बौर और आम के वृक्ष का विशेष महत्व है, और इन्हें समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है।



# फाल्गुन मास में कफवर्धक चीजों से बचें : डॉ. शर्मा

**कोरबा।** फाल्गुन मास शुरू होने के साथ लोगों को कई प्रकार की सावधानी रखने की जरूरत है। आयुर्वेद चिकित्सक नाड़ी वैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया की भारतीय परंपरा में ऋतुचर्या यानी ऋतुनुसार आहार-विहार करने की परंपरा रही है। यह संस्कार हमें विरासत में मिला है। इस अंतराल में हमें अपने आहार-विहार पर विशेष ध्यान देना चाहिये। फाल्गुन माह में वातावरण साफ़ हो



जाता है। फागुन के महीने में धीरे-धीरे गर्मी की शुरुआत हो जाती है और सर्दी कम होने लगती है। इस माह में कफज रोग बुखार, सर्दी खांसी एवं त्वचा संबंधी रोग खाज, खुजली आदि रोगों की संभावना बढ़ जाती है। इसलिये कफवर्धक आहार-विहार जैसे दिन में सोना एवं कच्चे खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिये। इस माह में पका हुआ भोजन ही श्रेष्ठ होता है। फाल्गुन माह में चने का सेवन नहीं करना चाहिये। इसके सेवन करने से व्यक्ति बीमार तो पड़ ही सकता है, साथ ही काल का ग्रास भी बन सकता है। फाल्गुन माह में रात्रि में भोजन के समय अनाज का प्रयोग कम से कम करें। मौसमी फलों एवं सब्जियों का सेवन करें।

# लोगों से मिले संजय, मांगा समर्थन



**सरखों।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत प्रत्याशी अपने क्षेत्र में भ्रमण करने के साथ लोगों से संपर्क करते हुए समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। सरखों पंचायत से सरपंच पद के प्रत्याशी संजय अग्रवाल ने अपने मुद्दे लोगों के सामने रखे हैं। उन्हें सकारात्मक महत्व मिल रहा है।

शहरी क्षेत्र के करीब यह ग्राम पंचायत है जहां पर साक्षरता औसत से ज्यादा है और लोग समझते हैं कि क्षेत्र के लिए क्या आवश्यक है और इस दिशा में क्या कुछ होना चाहिए। स्थानी निवासी संजय अग्रवाल ने पंचायत से प्रतिनिधित्व करने को लेकर नामांकन भरा है और प्रचार में जुटे हैं। वे अपने चुनाव चिन्ह के साथ मतदाताओं के संपर्क में है। स्वच्छ छवि और क्षेत्र की व्यापक समझ होने का लाभ अग्रवाल को मिल रहा है। अग्रवाल ने बताया कि स्थानीय मुद्दों के आधार पर चुनाव मैदान में उतरे हैं और वे लोगों से समर्थन के अपेक्षा भी करते हैं। जनता से अब तक जो रिस्पांस मिला है उससे लगता है कि ग्राम पंचायत में बदलाव की स्थिति बनेगी।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com